केवल आप के लिये
गांव–गांव शहर–शहर देश दुनियां में अपनों तक पहुंचाना है तो :भारतीय बस्ती दैनिक वेब
www.bhartiyabasti.com
और उसका छपा संस्करण
सबसे बेहतर माध्यम
सम्पर्क–bhartiyabasti@gmail.com
मो0 9450567450| 9336715406

# दैनिक भारतीय बस्ती

भारतीय बस्ती
www.bhartiyabasti.com
के लिये विज्ञापन बुक कराये।
विचार, प्रचार का सशक्त माध्यम
सम्पर्क
मो0 9450567450
9336715406

भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :46 अंक 270 मंगलवार 29 अप्रैल 2025 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com

## एक नजर

### आई.पी.एस. बने उत्कर्ष का किया स्वागत



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। सोमवार को स्वर्गीय केशव लाल श्रीवास्तव के पौत्र सुभाष चन्द्र श्रीवास्तव के पुत्र उत्कर्ष श्रीवास्तव मूल निवासी सिद्धार्थनगर के आई.पी.एस. चयन होने पर बस्ती शहर के विभिन्न वर्ग के लोगों ने अजीज उत्कर्ष श्रीवास्तव का स्वागत किया ।

पूर्वांचल सिक्ख बेलफेयर सोयाइटी उ0प्र0 एवं चित्रांश क्लब के संयुक्त संयोजन में एक होटल में स्वागत कार्यक्रम आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सरदार जगबीर सिंह ने दादा जी और पिता की प्रशंसा करते हुए कहां कि किन परिस्थितियों में उन्होंने संघर्ष करते हुए पालन पोषण किया। पढ़ाई लिखाई लगन से यह प्रणाम दिखाई दिया है। वे प्रशंसा के पात्र है। हम यही चाहते है की वे शासकीय सेवा में रहकर परिवार राष्ट्र एवं सामाज का नाम रोशन करें।

इस कार्यक्रम में उपस्थित चित्रांश क्लब के संस्थापक राजेश चित्रगुप्त ने कहा इस होनहार युवक ने समाज का नाम जो रोशन किया है यह बधाई के पात्र है।

आई.पी.एस. में चयन होने वाले उत्कर्ष श्रीवास्तव ने कहा कि किसी परीक्षा के लिए मेहनत, लगन बहुत जरूरी है हम देश और समाज सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे।

कार्यक्रम में अमृत पाल सिंह सनम, दिनेश कुमार श्रीवास्तव, राजेश चित्रगुप्त, प्रकाश मोहन श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, अजय पटेल, राजेन्द्र सिंह काका, अखिलेश कुमार शुक्ला मन्टू, मुकेश श्रीवास्तव, नितेश, अनिल कुमार पाण्डेय,अमर सोनी,दमन प्रीत सिंह, अमृतपाल डिप्टी,सरदार शैंकी सिंह, सर्वजीत सिंह शानू, जी रहमान,शेष नरायन गुप्ता आदि उपस्थित रहें।

### छात्रों को दिया कूडा निस्तारण प्रकिया की जानकारी



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। अपर जिलाधिकारी प्रतिपाल सिंह चौहान , अधिशासी अधिकारी ऋचा सिंह के दिशा निर्देशन में स्वच्छता की ओर एक कदम बढ़ाते हुए सोमवार को आदर्श नगर पंचायत भानपुर बस्ती के वार्ड संख्या 6 जगदीशपुर में स्थित 5 टीपीडी क्षमता की मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी सेंटर और कंपोस्ट पिट , सी एण्ड वेस्ट सेंटर में सावित्री विद्या विहार भानपुर के स्कूल के छात्रों और और अध्यापकों ने पहुंच कर कूड़ा निस्तारण की विस्तृत जानकारी प्राप्त किया। छात्रों ने पूरी रूचि लेकर इसे देखा, समझा और सीखा।

नगर पंचायत भानपुर द्वारा प्रदान की गई छात्रों ने मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी एम.आर.एफ. सेंटर पर लगे मशीनों वेलिंग मशीन , फटका मशीन, क्रसिंग मशीन, कन्वेयर बेल्ट मशीन आदि को देखा और उनके बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की ।

आदर्श नगर पंचायत भानपुर के आकांक्षी नगर योजना के सीएमफेल शिवकुमार यादव, अविनाश मिश्र, रवि प्रताप सिंह,बिरेन्द्र कुमार, नीतीश कुमार ,अनिल पांडेय एवं स्वच्छता कर्मचारियों द्वारा छात्रों को विस्तार से जानकारी दी गई। ' कंपोस्ट पिट प्लांट में खाद बनाने की प्रणाली मे घरों से निकलने वाले गीले कूड़े जैसे सब्जी के छिलके ,फलों के छिलके,सड़ी सब्जियां, बचा हुआ खाना आदि से प्राकृतिक अपघटन के माध्यम से खाद तैयार की जाती है । छात्रों एवं स्वच्छता ब्रांड अम्बेसडर बृजेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा शपथ दिलाया गया कि नगर पंचायत भानपुर को स्वच्छ बनाने के लिए हम सभी की भागेदारी महत्वपूर्ण है ।

# भारत के रुख से पाक सेना में खलबली



**नई दिल्ली (आभा)।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के रुख से पाकिस्तानी सेना में हड़कंप मचा हुआ है। उसे बालाकोट जैसी एयरस्ट्राइक और दूसरी तरह की जवाबी कार्रवाई का खतरा सता रहा है। इसी के मद्देनजर पाक सेना ने पाक अधिकृत कश्मीर में आतंकियों से लॉन्चिंग पैड खाली करने को कहा है। इंटेलिजेंस सूत्रों के हवाले से इंडिया टुडे की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पाक सेना ने आतंकियों को बंकरों में शिफ्ट करने का आदेश दिया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय सुरक्षा एजेंसियों द्वारा पीओके में कई सक्रिय लॉन्चिंग पैड्स की पहचान करने के तुरंत बाद पाकिस्तानी सेना ने यह कदम उठाया है। इसके तहत आतंकवादियों के ठिकानों में फेरबदल किया गया है। खुफिया इनपुट से संकेत मिलता है कि कब्जे वाले कश्मीर में केल, सरदी, दुधनियाल, अथमुकाम, जुरा, लीपा, पच्चीबन,

### लॉन्च पैड लंबे समय से आतंक के बड़े पनाहगाह

फॉरवर्ड कहुता, कोटली, खुइरट्टा, मंधार, निकेल, चमनकोट और जानकोट सहित प्रमुख स्थानों से आतंकवादियों को स्थानांतरित किया जा रहा है।

ये लॉन्च पैड लंबे समय से आतंक के बड़े पनाहगाह के रूप में अहम केंद्र के रूप में काम करते हैं, जहां ना सिर्फ आतंकवादियों को प्रशिक्षण दिया जाता रहा है बल्कि वहीं से उन्हें नियंत्रण रेखा पार करके जम्मू और कश्मीर में भेजा जाता रहा है। सूत्रों के अनुसार, पिछले हफ्ते सुरक्षा बलों ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में 42 आतंकी लॉन्च पैड और प्रशिक्षण केंद्रों की पहचान की थी और तब से उस पर पैनी नजर रखी जा रही थी। खुफिया सूत्रों के मुताबिक, फिलहाल पीओके में करीब 150 से 200 प्रशिक्षित आतंकवादी विभिन्न शिविरों में तैनात हैं, जो घुसपैठ की फिराक में हैं।

पीओके में अचानक हुए इस फेरबदल से संकेत मिलता है कि पाकिस्तानी सेना अपने आतंकी ढांचे को न सिर्फ संरक्षण और कवच देने की कोशिशों में जुटी है बल्कि भारत की तरफ से किसी भी संभावित हमले से बचने के उपाय भी तलाश रही है। दरअसल, 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से दोनों देशों के बीच भारी तनाव है। इसका असर नियंत्रण रेखा पर साफ–साफ देखने को मिल रहा है।

## मां की पुण्य तिथि पर छात्रों में किया शैक्षणिक सामग्री का वितरण




**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

**बस्ती ।** राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा मण्डल महासचिव एवं लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी ठाकुर प्रेम नन्दवंशी ने अपनी माता मुन्नीदेवी की चतुर्थ पुण्य तिथि पर सोमवार को हर्रैया विकास खण्ड क्षेत्र के प्राथमिक एवं जूनियर विद्यालय महादेवा, मुइली, रतनपुर, पिपराकाजी, हड़ही और जूनियर विद्यालय महादेवा, औरातोंदा के छात्रों में कापी, पेन, फल का वितरण किया। कहा कि उनकी माता मुन्नीदेवी निरक्षर थी किन्तु हमेंशा चाहती थी कि किसी का बेटी, बेटा निरक्षर न रहे। इसी भावना को लेकर छात्रों में शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया गया। शैक्षणिक सामग्री के वितरण में अमर बहादुर, राजकुमार, दीनानाथ, विजय, पुष्पेन्द्र, अनूप, सचिन, सत्येन्द्र आदि ने सहयोग किया।

## काली स्थान से अवैध कब्जा हटवाने की मांग: बजरंग दल ने सौंपा ज्ञापन



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। बजरंग दल के जिला संयोजक मन मोहन त्रिपाठी, जिला गौरक्षा प्रमुख स्नेह पाण्डेय के नेतृत्व में सोमवार को पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन देकर वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के गढवल गांव में सार्वजनिक पूजा की भूमि काली स्थान से अवैध कब्जा और अतिक्रमण खाली किये जाने की मांग किया गया।

उच्चाधिकारियों को दिये पत्र में कहा गया है कि वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के गढवल गांव में सार्वजनिक पूजा की भूमि काली स्थान गाटा संख्या 45 च पर गांव के कुछ भू– माफियाओं ने जबरिया कब्जा कर लिया है। इससे लोगों को असुविधा हो रही है। बजरंग दल नेताओं ने मांग किया कि अवैध कब्जे को हटवाया जाय।

ज्ञापन देने वालों में अनिल प्रजापति, सोनू चौहान, राहुल कुमार,मंगेश शर्मा आदि शामिल रहे।

# प्रदेश स्तरीय संविधान बचाओ रैली में गरजे कांग्रेसी: गांव गांव करेंगे जन जागरण





### -संविधान को बदलने का मंसूबा पूरा नहीं होने देंगे कांग्रेसी- अविनाश पाण्डेय
### -खतरे में हैं कानून का राज- अजय राय
### -प्रकृति कांग्रेस के साथ है- बसन्त चौधरी



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । केन्द्र सरकार बाबा साहब द्वारा बनाये गये संविधान को समाप्त कर देने का आये दिन षड़यंत्र कर रही है किन्तु कांग्रेस के सिपाही इसे सफल नहीं होने देंगे। गांव– गांव जाकर लोगों को बाबा साहेब के उस संविधान की रक्षा करने के लिये जागरूक किया जायेगा जिससे हमें संवैधानिक अधिकार प्राप्त है। यह विचार कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पाण्डेय ने व्यक्त किया। वे सोमवार को पं. अटल बिहारी बाजपेई प्रेक्षागृह के परिसर आयोजित प्रदेश स्तरीय संविधान बचाओ रैली को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे।

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि देश और उत्तर प्रदेश में कानून का राज खतरे में हैं। आये दिन हिंसक घटनायें घट रही है। पुलवामा के बाद पहलगाम की घटना से देशवासी स्तब्ध है। कांग्रेस ने इस मुद्दे पर सरकार को पूर्ण समर्थन दिया है। केन्द्र की सरकार त्वरित कार्यवाही करे। कहा कि संविधान बचाओ की लड़ाई कांग्रेस की व्यक्तिगत नहीं है। यह उन हिन्दुस्तानियों की लडाई है जो संविधान की मूल आत्मा को बचाये रखना चाहते हैं जिससे बदलने के लिये भाजपा लालायित है। उसका यह मंसूबा कभी पूरा नहीं होगा। हजारों की संख्या में लोगों की उपस्थिति से प्रसन्न अजय राय ने जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ चौधरी का साहस बढाते हुये कहा कि इसी तरह गांव– गांव कांग्रेस के संदेश से लोगों को जोड़ने की जरूरत है।

प्रदेश स्तरीय संविधान बचाओ रैली को सम्बोधित करते हुये आराधना मिश्रा, सांसद तनुज पुनिया राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल सत्यनारायण पटेल, केशव यादव जयकरन वर्मा, पूर्व विधायक अंबिका सिंह, वीरेंद्र प्रताप पांडे, प्रमोद पाण्डेय, राम जियवान देवेंद्र श्रीवास्तव, कौशल त्रिपाठी, आलोक रंजन वर्मा के साथ ही अनेक वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि कांग्रेस ने आजादी की लडाई लड़ी, देश को विकसित किया किन्तु केन्द्र की मोदी सरकार अपनी उपलब्धियां बताने की जगह कांग्रेस को समाप्त करने की बात करती है। कहा कि कांग्रेस एक विचारधारा है और देश में दो विचारधाराओं के बीच जो वैचारिक संघर्ष चल रहा है उसमें जन सहयोग से कांग्रेस जितेगी और संविधान की आत्मा पर चोट करने वालों के मंसूबे कभी सफल नहीं होने पायेंगे। संविधान बचाओ रैली के संयोजक लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी बसन्त चौधरी ने कार्यक्रम में आये हजारों लोगों का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि खिलाफ मौसम के बावजूद जिस प्रकार से लोग उमड़े उससे स्पष्ट है कि प्रकृति कांग्रेस के साथ है। उत्तर प्रदेश में फिर से कांग्रेस लोगों के सहयोग से मजबूत वापसी करेगी। लोग जानने लगे हैं कि उनका भविष्य कांग्रेस में ही सुरक्षित है। उन्होने अतिथियों को बाबा साहब का चित्र भेंट किया।

कार्यक्रम में ज्ञानेन्द्र पाण्डेय ज्ञानू, देवी प्रसाद पाण्डेय, बाबूराम सिंह, अनिरूद्ध त्रिपाठी, डा. दीपेंद्र सिंह, महेन्द्र श्रीवास्तव, अमित सिंह, गिरजेश पाल, आदित्य त्रिपाठी, बृजेश आर्य, राजबहादुर निषाद, अवधेश सिंह, अनिल भारती, शेर मोहम्मद, लालजी पहलवान, मारूफ अली, शीला शर्मा, मंजू पाण्डेय, शेर मोहम्मद, प्रशांत पाण्डेय, सूर्यमणि चतुर्वेदी, गंगा मिश्रा, संदीप श्रीवास्तव, साधू शरन आर्य, राकेश त्रिपाठी, शिव विभूति मिश्रा, अलीम अख्तर, अतीउल्ला सिद्दीकी, भूमिधर गुप्ता, वाहिद अली सिद्दीकी, शिव नरायन पाण्डेय, सर्वेश शुक्ला, राकेश मणि त्रिपाठी, रविन्द्र सिंह राजन, सद्दाम हुसेन, चन्द्रशेखर वर्मा के साथ ही देश प्रदेश के अनेक वरिष्ठ नेता, पूर्वान्चल के अनेक हिस्सो से आये कांग्रेस नेताओं, स्थानीय नागरिकों ने हिस्सा लिया।

## एक राष्ट्र एक चुनाव वक्त की जरूरत – अजय सिंह

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**



बस्ती। थान्हा खास शिव मंदिर हर्रैया के परिसर में एक राष्ट्र एक चुनाव प्रबुद्ध समागम कार्यक्रम का आयोजन भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र की अध्यक्षता में सोमवार को हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि हर्रैया विधायक अजय सिंह ने कहा कि पूरे देश में एक साथ चुनाव न होने से लगातार पूरे देश की मशीनरी चुनाव में ही व्यस्त रहती है इसलिए अब वक्त की जरूरत है देश की जनता जनांदोलन बनाकर राष्ट्र हित के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव के लिए देश का जनमत बने। यह अवधारणा न केवल चुनावी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करती है, बल्कि संसाधनों की बचत, प्रशासनिक सुगमता और विकास को गति देने में भी अहम भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की भावी पीढ़ी के सुनहरे भविष्य के लिए 'एक राष्ट्र एक चुनाव' पर चर्चा शुरू की है। समय के साथ सबको बदलना चाहिए। मौजूदा समय भारत की आर्थिक प्रगति की यात्रा है। पूर्व जिलाध्यक्ष पवन कसौधन, राजेश द्विवेदी, ध्रुव नारायण सिंह, श्रीश पाण्डेय आदि ने संबोधित करते हुए कहा कि 'एक राष्ट्र एक चुनाव' से मतदाताओं के लिए भी सुविधा होगी कि जिससे मतदान प्रतिशत में भी वृद्धि निश्चित है। कहा कि 'एक राष्ट्र एक चुनाव' से नीतियों में अधिक निश्चिंतता आएगी और नीतिगत निर्णय लेने में मजबूती मिलेगी। सरकारी खजाने पर वित्तीय बोझ कम होगा। चुनाव संबंधी विवाद और अपराध भी घटेंगे। अंत में पहलगाम में हुये आतंकी हमले में मारे गये पर्यटकों के प्रति 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। संचालन कार्यक्रम संयोजक भाजपा जिला मंत्री कुंवर आनन्द प्रताप सिंह ने किया।

इस अवसर पर पूर्व प्रमुख योगेंद्र सिंह, राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता रज्जू, सरोज मिश्र, महेन्द्र सिंह, शिव चरण जायसवाल, जवाहर जायसवाल, ओंकार सिंह, मनीष सिंह, सुनील त्रिपाठी आदि शामिल रहे।

## रोजगार सेवक की पिटाई मामले में एसपी से लगाया न्याय की गुहार

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**



**बस्ती ।** पैकोलिया थाना क्षेत्र के बस्थनवा निवासी श्याम सुन्दर पुत्र राजकुमार ने पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर न्याय की गुहार लगाया है। सोमवार को दिये पत्र में श्याम सुन्दर ने कहा है कि उसकी पत्नी अंजली यादव परसुरामपुर विकास खण्ड क्षेत्र के बस्थनवा की ग्राम प्रधान हैं। गत 21 अप्रैल को पैकोलिया थाना क्षेत्र के दुलारपुर निवासी विजय कुमार पुत्र रघुवीर, शम्भूनाथ पाठक पुत्र शिवसरन, पदुमनाथ पाठक पुत्र श्याम बिहारी पाठक, अखिलेश पाठक पुत्र लाल बिहारी पाठक निवासी बस्थनवा ने फर्जी हाजिरी न बनाने पर रोजगार सेवक रेशमा भारती और उनके पति पवन कुमार को बुरी तरह से मारा पीटा। पैकोलिया पुलिस को इसकी सूचना दी गई। इसी रंजिश को लेकर विजय कुमार फर्जी मुकदमा लिखवाकर दबाव बनाने का षड़यंत्र कर रहे हैं। आये दिन ग्राम प्रधान पति के विरूद्ध दबाव बनाने के लिये तरह–तरह के षड़यंत्र रचे जाते हैं।

श्याम सुन्दर पुत्र राजकुमार ने पुलिस अधीक्षक से मांग किया है कि मामले की जांच कराकर विजय कुमार के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही किया जाय।

## ब्राम्हण की तुलना आतंकवाद से करने का मामला
## डीएम के आश्वासन पर सुदामा ने स्थगित किया धरना



### –दोषी शिक्षक के निलम्बन की मांग

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। ब्राम्हण की तुलना आतंकवाद से करने वाले गौर ब्लाक के सरकारी शिक्षक विजय पटेल के निलंबन व गिरफ्तारी की मांग को लेकर सोमवार से समर्थकों के साथ बेमियादी धरने पर बैठने के लिये भाजपा नेता चन्द्रमणि पाण्डेय 'सुदामा'जैसे ही कलेक्ट्रेट परिसर पहुंच धरने पर बैठे जिलाधिकारी ने तुरन्त धरनारत श्री पाण्डेय को वार्ता हेतु आमन्त्रित किया। विजय शंकर त्रिपाठी, वेदप्रकाश त्रिपाठी, संतोष पाठक व विमलेंद्र सिंह सहित सात सदस्यीय टीम के साथ चली करीब आधे घंटे की वार्ता में निलंबन या गिरफ्तारी हेतु डटे श्री पाण्डेय को जिलाधिकारी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी शिक्षक को जबाव देने हेतु बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा नोटिस जारी कर दो दिन का समय दिया गया था जिसके क्रम में यदि शनिवार तक जबाव दिया गया होगा तो सोमवार को डाक से मिल जायेगा अथवा पुनः नोटिस जारी किया जाएगा इसके बाद निलंबन की कार्यवाही होगी।

श्री पाण्डेय का कहना था कि खण्ड शिक्षा अधिकारी बड़कऊ बर्मा हों या शिक्षक विजय पटेल कहीं न कहीं इनपर त्वरित कार्यवाही न होने के चलते ही ऐसे बयान वीरों की बाढ आ रही है जिलाधिकारी ने श्री पाण्डेय को आश्वस्त किया कि इसी सप्ताह कार्यवाही सुनिश्चित हो जायेगी तत्पश्चात श्री पाण्डेय ने एक सप्ताह के लिए अपना आन्दोलन स्थगित कर दिया। यह भी स्पष्ट कर दिया कि यदि ऐसे शिक्षक पर कार्यवाही नहीं हुई तो यह शांत बैठने वाले नहीं हैं। कारण ऐसे बयान हिंदुस्तान में हिंदुओं को बांटने वाला व समाज में नफरत फैलाने वाला है ऐसे में इस तरह का बयान देश द्रोह की श्रेणी में आता है यदि ऐसे लोगों पर कार्यवाही नहीं हुई तो समाज में अराजकता फैलेगी शिक्षा का स्तर व शिक्षकों की गरिमा घटेगी ।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से चन्द्रमणि पाण्डेय 'सुदामा' ने बताया कि हिंदुस्तान में हिंदुओं को बांटने या कमजोर करने के किसी भी मंसूबे को सफल नहीं होने दिया जाएगा। श्री पाण्डेय के साथ महेंद्र चौहान, राजेश सिंह, विमलेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, शक्ती दीप पाठक, संतोष पाठक, विजय शंकर तिवारी,ओम प्रकाश उपाध्याय,वेद प्रकाश तिवारी, राजीव पाण्डेय,दीपक पाण्डेय,चन्द्र प्रकाश तिवारी, नवीन तिवारी,संदीप तिवारी,संजय शुक्ल, विजय शुक्ल, दिवाकर पाण्डेय, जगतबली सिंह,मनोज सिंह, सत्येन्द्र शुक्ल, पंकज त्रिपाठी, प्रमोद तिवारी, अरूणेश पाठक प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## अन्याय के विरूद्ध सामाजिक क्रांतिकारी थे बाबा साहेब– राम प्रसाद चौधरी

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**



बस्ती। लोक जन सेवा समिति द्वारा अध्यक्ष बी.पी. आनन्द के संयोजन में कप्तानगंज विकास खण्ड क्षेत्र के भावपुर गांव में भारत रत्न बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के जयन्ती अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सांसद राम प्रसाद चौधरी ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन सिर्फ शिक्षा या संविधान तक सीमित नहीं था, वे एक सामाजिक क्रांतिकारी थे। उन्होंने जीवनभर छुआछूत, जातिवाद और सामाजिक भेदभाव के खिलाफ लड़ाई में हिस्सा लिया। उन्होंने दलितों, महिलाओं और वंचितों को आत्मसम्मान और अधिकार दिलाने के लिए अनेक आंदोलन चलाए। उनका योगदान सदैव याद किया जायेगा।

विशिष्ट अतिथि चन्द्र प्रकाश चौधरी, अशोक सिंह ने कहा कि डॉ. अंबेडकर भारतीय संविधान के शिल्पकार हैं। उन्होंने भारत के संविधान की रचना करते समय यह सुनिश्चित किया कि देश के प्रत्येक नागरिक को चाहे वह किसी भी जाति, धर्म, भाषा या वर्ग से हो , समानता, न्याय और स्वतंत्रता का अधिकार प्राप्त हो। उनका संविधान आज भी हमारा सबसे मजबूत लोकतांत्रिक आधार है। उनके संकल्पों को पूरा करने के लिये एकजुटता से आगे बढना होगा।

लोक जन सेवा समिति अध्यक्ष बी.पी. आनन्द, डा. बी.आर. अम्बेडकर एजुकेशनल संचालक सुनील कुमार, सुभाष निषाद, शिवशंकर चौधरी, रामकुमार, रामस्वारथ चौधरी, मन बहाल सिंह, जय सिंह, राम जतन, अनिल पाण्डेय आदि ने बाबा साहेब के जीवन संघर्षो, उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा कि बाबा साहेब ने शिक्षित बनो, संघर्ष करो का जो नारा दिया उसे मिलकर पूरा करना होगा।कार्यक्रम में सुभाष चन्द्र, सूरज कुमार, राजाराम, अनिल कुमार, छैल बिहारी, मुन्नीलाल, आशाराम, गया प्रसाद, हरिराम, राम सहाय, बाबूराम, अशोक कुमार, कृष्णा अनुरागी, रामशव्द तिवारी, राजेश तिवारी, राम बचन राव, आर.डी. निषाद के साथ ही बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक शामिल रहे।

"मुझे अखबार निकालने दो तो मै इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता"—वेडेल फिलिप्स

दैनिक भारतीय बस्ती

बस्ती 29 अप्रैल 2025 मंगलवार

## सम्पादकीय

# बेनकाब पाकिस्तान

पाक पोषित आतंकवादियों द्वारा अंजाम दिए गए पहलगाम के खौफनाक आतंकी हमले ने पूरी दुनिया के सामने पाकिस्तान को बेनकाब कर दिया है। भारत तथा अंतर्राष्ट्रीय दबाव के आगे लाचार हुए पाकिस्तान के सत्ताधीशों ने स्वीकार किया कि वे पिछले तीस साल से आतंक की फसल सींच रहे थे। पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया कि पिछले तीस साल से पाक आतंकवादी तैयार करने का काम कर रहा था। साथ ही उन्होंने यह भी सफाई दी कि पाकिस्तान ने ये गंदा काम अमेरिका व ब्रिटेन जैसे देशों के कहने पर किया। सवाल यह है कि क्यों पाक ने एक संप्रभु राष्ट्र के रूप में अपने नैतिक दायित्व का पालन नहीं किया? यह तथ्य किसी से छिपा नहीं कि पाकिस्तान ये काली करतूतें डॉलर की भूख मिटाने के लिये कर रहा था। साथ ही वह दुनिया के इस्लामी देशों का नेतृत्व हासिल करने के लिये इस कट्टरपंथ की फसल सींच रहा था। उसने पूरी दुनिया को दहलाने के लिये अपने आतंकी निर्यात किए। पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ की यह स्वीकारोक्ति भारत द्वारा लंबे समय से लगाये जा रहे उन आरोपों की पुष्टि ही है, जिसमें पाक को आतंक की पाठशाला बताया गया था। भारत ने पूरी दुनिया को मुंबई के भीषण हमले, संसद पर हुए हमले तथा पुलवामा से लेकर उड़ी तक की आतंकवादी घटनाओं में पाक की संलिप्तता के सबूत बार–बार दिए, लेकिन अमेरिका व उसके सहयोगी देशों ने इसे अनदेखा ही किया।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के रुख से पाकिस्तानी सेना में हड़कंप मचा हुआ है। उसे बालाकोट जैसी एयरस्ट्राइक और दूसरी तरह की जवाबी कार्रवाई का खतरा सता रहा है। इसी के मद्देनजर पाक सेना ने पाक अधिकृत कश्मीर (च्वज्ञ) में आतंकियों से लॉन्चिंग पैड खाली करने को कहा है। इंटेलिजेंस सूत्रों के हवाले से इंडिया टुडे की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पाक सेना ने आतंकियों को बंकरों में शिफ्ट करने का आदेश दिया है।रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय सुरक्षा एजेंसियों द्वारा च्वज्ञ में कई सक्रिय लॉन्चिंग पैड्स की पहचान करने के तुरंत बाद पाकिस्तानी सेना ने यह कदम उठाया है। इसके तहत आतंकवादियों के ठिकानों में फेरबदल किया गया है। खुफिया इनपुट से संकेत मिलता है कि कब्जे वाले कश्मीर में केल, सरदी, दुधनियाल, अथमुकाम, जुरा, लीपा, पच्चीबन, फॉरवर्ड कहुता, कोटली, खुइरट्टा, मंधार, निकेल, चमनकोट और जानकोट सहित प्रमुख स्थानों से आतंकवादियों को स्थानांतरित किया जा रहा है।

निश्चित रूप से एक राष्ट्र के रूप में पाकिस्तान की विफलता जग–जाहिर हो गई है। पुलवामा हमले के बाद भारतीय कार्रवाई के जवाब में परमाणु बम से हमले की ध् ामकी, सिंधु नदी को रक्त से भरने तथा कश्मीर मुद्दे के अंतर्राष्ट्रीयकरण जैसे अनाप–शनाप बयानों से स्पष्ट है कि वैश्विक व्यवस्था के प्रति पाक की क्या सोच है। इससे भी शर्मनाक घटना ब्रिटेन में सामने आई, जहां पाक उच्चायोग के सामने प्रदर्शन करने वाले भारतीयों को एक पाकिस्तान राजनयिक गला काटने का इशारा करता सूचना माध्यमों में नजर आया। उक्त राजनयिक पाकिस्तानी उच्चायोग में रक्षा सलाहकार के रूप में तैनात है। निश्चय ही यह राजनयिक स्तर पर एक शर्मनाक घटना है। साथ ही बताती है कि कैसे पाक सेना के उच्चाधिकारी एक जिहादी संगठन के सदस्य जैसा व्यवहार कर रहे हैं। इससे पाकिस्तानियों में भारतीयों के प्रति भरी घृणा ही उजागर होती है। भारत को इन तमाम मामलों को वैश्विक मंच पर उठाकर पाक पर कार्रवाई के लिये दबाव बनाना चाहिए। दुनिया को बताना चाहिए कि पुलवामा हमले से पहले कैसे पाकिस्तानी सेना के प्रमुख जनरल आसिम मुनीर ने कट्टरपंथियों जैसा भड़काऊ बयान दिया था। जिसके कुछ समय बाद ही पहलगाम जैसा भयानक आतंकी हमला सामने आया। बहरहाल, पाक आज पूरी दुनिया के सामने बेनकाब हुआ है। भारत को दुनिया को बताना चाहिए कि किस तरह पाकिस्तान दुनिया की शांति के लिये खतरा बना हुआ है। जिसको सख्त आर्थिक प्रतिबंधों के जरिये आतंक से दूरी बनाने के लिये बाध्य किया जाना चाहिए। निश्चय ही अब पाक को सबक सिखाने का वक्त आ गया है।

# कश्मीरी नहीं चाहते पाकिस्तान का दखल



—ज्योति मल्होत्रा—




पहलगाम में गत सप्ताह जिस तरह मौत का तांडव मचा, जब आतंकवादियों ने पहचान के आधार पर छांट–छांट कर सैलानियों को गोलियों का शिकार बनाया, उससे किसी सख्त से सख्त दिल तक की रीढ़ में सिहरन दौड़ जाए। इन पर्यटकों में अधिकांश भारत के छोटे शहर जैसे कि शिवमोगा, पनवेल, विशाखापट्टनम, नेल्लोर, थाणे, करनाल, हैदराबाद, भावनगर, लोअर सुबानगिरी के ताजांग गांव, कोझीकोड जैसी जगहों से कश्मीर घूमने आए थे। जन्म से ही हमें बताया जाता है कि कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक भारत एक है। अगर 2008 के मुंबई हमलों का उद्देश्य भारत के वित्तीय राजधानी को पंगु करना और इस तरह भारत को अपने घुटनों पर लाना था, तो बैसरन के अपराधियों का संदेश और भी स्पष्ट है कि मुस्लिम बहुल कश्मीर को सामान्य बनाने की कोशिश न की जाए, जो कि 'द्वि–राष्ट्र सिद्धांत' का हृदयस्थल है और यह फलसफा जितना जायज विभाजन के वक्त था, उतना ही आज भी है। हिंदू और मुसलमान अलग–अलग हैं और उन्हें पृथक ही रहना होगा।

इसलिए एक पल के लिए भी यह मत सोचिएगा कि कन्नड़, मलयाली, महाराष्ट्रीयन, गुजराती और हरियाणवी कश्मीर के मैदानों में मनमाफिक विचरेंगे और झूठमूठ मान लेंगे कि वे स्विट्जरलैंड में सैर कर रहे हैंदृ हालांकि मानने की बात कि यह इलाका स्विट्जरलैंड से कहीं ज्यादा खूबसूरत है– सिर्फ इसलिए कि मोदी सरकार ने अनुच्छेद 370 को इतिहास के कूड़ेदान में फेंक दिया है और इसके वर्तमान को नया स्वरूप प्रदान करना चाहती है।

लेकिन अगर आप इस बारे में विचार करें, तो बैसरन का संदेश वास्तव में काफी अलग है। जिस तरह से कश्मीरी लोग इस नृशंस नरसंहार की निंदा करने के लिए उठ खड़े हुए हैं, उमर अब्दुल्ला से लेकर टट्टू की सवारी करवाकर रोजी–रोटी कमाने वाले सैयद आदिल हुसैन शाह के परिवार तक, जिसने एक आतंकवादी के हाथ से बंदूक छीनने की कोशिश की और आतंकी ने उसे मार डाला। इससे यह स्पष्ट संदेश गया कि हफ्ते का दिन कोई भी हो, कश्मीरी आवाम अलगाववाद के प्रयोजन को बढ़ावा देने वाले ढोंगियों की बजाय शांति बनाए रखने को तरजीह देना चाहता है।

जब से समूची मुस्लिम बहुल घाटी में 'आजादी' के नारे गूंजने के बाद कश्मीरी पंडितों का पलायन हुआ था और बाद के तमाम सालों में विद्रोही गतिविधियां जारी रहीं, 35 वर्षों में यह पहली बार है जब कश्मीर के मुसलमान एक बार फिर से तथाकथित 'द्वि–राष्ट्र सिद्धांत' के मलबे पर थूक रहे हैं। सबसे पहले उन्होंने यह 1947 में किया था, जिसने घुसपैठिए भेजने वाला नव–स्वतंत्र पाकिस्तान को नाराज कर डाला। फिर भारतीय सेना को कारगिल की चोटियों पर काबिज हुए घुसपैठियों की पहली सूचना देकर उन्होंने 1999 में भी यही किया। आज फिर से वही कर रहे हैं।

यह सच है कि 2019 में अनुच्छेद–370 को बहुत ही असहज तरीके से हटाया गया, जिसके कारण बहुत लोगों को कर्फ्यू के कारण लंबे समय तक अपने ही घरों में कैद रहना पड़ा था। साथ ही, संवैधानिक रूप से गारंटी के रूप में प्रदत्त उनके अधिकारों का हनन का आक्षेप है। लगा कि आम कश्मीरी के पास खुलकर सांस लेने की जगह बहुत कम बची। लेकिन, अंततः मांएं और बच्चे पार्कों में बेधड़क बैठकर दिन भर की घटनाओं पर गप–शप करने की साधारण किंतु कीमती आजादी का अनुभव कर पाए। बच्चे फिर से स्कूल जाने लगे और स्कूल की दीवारें इतनी छोटी हैं कि आप उन्हें अंदर फुटबॉल खेलते हुए देख सकते हैं। श्रीनगर में झेलम के तट पर काले हिजाब में महिलाएं पुरुष साथियों के साथ बैठकर आइसक्रीम का लुत्फ लेते दिखाई देती हैं। शेष हिंदुस्तान अमीर खुसरो की जन्नत की ओर उमड़ने लगा, पिछले साल दो करोड़ से ज्यादा पर्यटक आए।

इन दिनों, आत्म–सम्मान, स्वायत्तता और श्रीनगर–जम्मू और दिल्ली के बीच अक्सर तनावपूर्ण संबंधों को लेकर चलने वाली बहस पर ध्यान कुछ हटा हुआ है। फिलहाल जिस मुद्दे पर बहसें होती रहती हैं और जिस पर चर्चा घूम फिर कर वहीं आ जाती हैदृ उसकी वजह मुख्यतः इस तथ्य पर है कि शांतिपूर्ण चुनाव के सात महीने बाद भी जम्मू–कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल नहीं किया गया। अब जब राज्यवासी भी देश के बाकी हिस्सों के साथ शोक मना रहे हैं, कश्मीरी लोग पाकिस्तानियों से कह रहे हैं कि न सिर्फ वे अपने काम से मतलब रखें, बल्कि उनसे दूर रहें और अकेला छोड़ दें।

पाकिस्तान के भीतर की प्रतिक्रिया पर भी ध्यान दें। उप–प्रध ाानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार को भारत के इस आरोप का बचाव करने के लिए विदेशी मीडिया के सामने उतारा गया कि नरसंहार करने वाले आतंकवादी पाकिस्तानी हैं। आरोप नकारने को उन्होंने यह कहकर समाप्त किया कि असली मुद्दा यह है कि 'कश्मीर प्रश्न' एक अंतर्राष्ट्रीय मुद्दा है और इसे 1949 के संयुक्त राष्ट्र प्रस्तावों के अनुसार हल किया जाना चाहिए। शायद डार ने यह गौर नहीं किया कि इस सप्ताह की शुरुआत में पहलगाम नरसंहार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन और रोष मार्चों में भाग लेकर कश्मीरियों ने उनके लिए इस प्रश्न को हल कर दिया है, जो 'मेरे नाम पर नहीं' से शुरू हुआ और समाप्त हुआ।

पाकिस्तानी मीडिया भी यही खबरें दे रहा है कि यह एक घरेलू नाकामी छिपाने का 'छद्म अभियान' है, अर्थातद्ध केंद्र सरकार की घरेलू समस्याओं से ध्यान हटाने के लिए भारतीय एजेंसियों ने खुद ऐसा किया। तब तो कोई भी हैरान हो सकता है कि अगर अजमल कसाब जिंदा पकड़ा नहीं गया होता, तो मुंबई हमले का जिम्मेवार कौन होता। वैसे भी, इस कांड के दोषियों को न्याय के कठघरे में लाने के लिए पाकिस्तान में कोई कदम नहीं उठाया गया है। 17 साल गुजर चुके हैं, लेकिन इसके मास्टरमाइंड आज भी पाकिस्तान में खुलेआम घूम रहे हैं।

फिर भी, इस बड़े खेल का एक नया अध्याय पहले से ही शुरू हो चुका है। जहां भारत और अमेरिका एक–दूसरे के करीब आ रहे हैं, वहीं गौरतलब है कि चीन ने अभी तक पहलगाम हमले की निंदा नहीं की है, सिवाय भारत में चीनी राजदूत के एक ट्वीट के। स्पष्ट रूप से, चीन दुनिया के विभिन्न हिस्सों में इस मुद्दे पर सघन वार्ता पर नजर रखे हुए होगा। जैसे–जैसे उनका संकट गहरा रहा है, पाकिस्तानियों को उम्मीद होगी कि अमेरिका मोदी को रोक लेगा, जबकि मोदी संभवतः ट्रम्प को बता चुके होंगे कि वह पाकिस्तान को सबक क्यों सिखाना चाहते हैं।

वह यह कब करेंगे, और यह 2019 के बालाकोट जैसे हमले से कितना आगे होगा और क्या कोई दुनिया के सबसे पुराने सीमा विवाद के झमेले में फंसे आम लोगों के बारे में कुछ सोचेगा– ये कुछ ऐसे मुद्दे हैं, जिन पर इन दिनों द ट्रिब्यून के रिपोर्टर खबरें कर रहे हैं।

सबसे ज्यादा दिल पसीजने वाली कहानियां हैं, सीमा पार विवाह करने वाले और उनके बच्चों कीदृ कहीं पति भारतीय नागरिक तो कहीं पत्नी पाकिस्तानी हैदृ किस प्रकार वे एक ऐसे 'नो मैन्स लैंड' में फंस गए हैं, जो मंटो की कहानी टोबा टेक सिंह में पेश हालात जैसे हैं।शायद हमारे इस स्याह काल की सतह पर तैरता एकमात्र हीरा है, करतारपुर साहिब गुरुद्वारे तक जाने वाला गलियारा, जो अभी भी खुला है।–लेखिका 'द ट्रिब्यून' की प्रधान संपादक हैं।

# समग्र नीति से होंगा समस्या का समाधान

—सुरेश सेठ—



**इन दिनों वायु प्रदूषण बहुत हद तक पुराने वाहनों, कोयले के गलत उपयोग और यांत्रिकता के कारण उत्पन्न हो रहा है। ऐसे में यह जरूरी है कि इस स्थिति को एक व्यापक दृष्टिकोण से समझा जाए। किसानों को जागरूक करने की जरूरत है कि वे नाड़ को खेतों में दबाकर अपनी उत्पादकता को बढ़ा सकते हैं।**

मौसम के बदलाव के साथ देश की राजधानी में वायु प्रदूषण की स्थिति गंभीर हो जाती है, जिससे घुटन और संत्रास का माहौल बन जाता है। इसका एक कारण खेतों में गेहूं की कटाई के बाद बची पराली को जलाना है। इस प्रक्रिया में निकलने वाला धुआं और घुटन स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है।

पंजाब और हरियाणा के विशेषज्ञों का कहना है कि फसलों के अवशेष जलाना केवल प्रदूषण का एकमात्र कारण नहीं है, बल्कि बढ़ती हुई अराजक यांत्रिकता ने भी महानगरों का जीवन विषाक्त और घुटन भरा बना दिया है। इस यांत्रिकता से निपटने के लिए विस्तृत रणनीतियों की आवश्यकता है। असल में, पंजाब और हरियाणा के सीमांत किसान के पास फसल चक्र के चलते कृषि अवशेषों को नष्ट करने का समय नहीं होता। वे न तो निस्तारण के लिए मशीनें खरीदने के लिए तैयार होते हैं, न ही मशीनों को किराए पर लेने की उत्सुकता दिखाते हैं। किसान के लिए सबसे आसान तरीका यह होता है कि फसल के अवशेष जलाकर समय बचाया जाए। इन दिनों पंजाब–हरियाणा के ग्रामीण क्षेत्रों में अध्वशेष जलाने के दृश्य आम हैं। किसान इसे सुविधाजनक पाता है और अतिरिक्त खर्च से बचता है। अब सवाल यह है कि इस समस्या का स्थायी समाधान क्या होगा।

बैसाखी के बाद, जब गेहूं की फसल काटी जाती है, तो खेतों में बची नाड़ को निपटाने की समस्या उत्पन्न हो जाती है। इस बार पंजाब सरकार ने फसलों के अवशेष जलाने पर पूरी तरह से अंकुश लगाने का संकल्प लिया है। इस उद्देश्य के लिए 500 करोड़ रुपये की कार्ययोजना तैयार की गई है, और पिछले साल से अधिक प्रभावी नाड़ जलाने पर नियंत्रण के अभियान चलाए जाएंगे। अब किसानों को फसल अवशेष प्रबंध ान मशीनें अधिक सब्सिडी पर उपलब्ध ा करवाई जाएंगी और फसल अवशेष प्रबंधन के उचित उपाय किए जाएंगे। इसके तहत सीमांत किसानों के लिए नाड़ प्रबंधन मशीनों को किराए पर उपलब्ध कराया जाएगा। जो किसान इन मशीनों को खरीदना चाहें, उन्हें भारी सब्सिडी दी जाएगी। व्यक्तिगत रूप से किसानों को इन मशीनों की खरीद पर 50 प्रतिशत सब्सिडी मिलेगी, जबकि सहकारी समितियों और ग्राम पंचायतों को 80 प्रतिशत सब्सिडी दी जाएगी।

यह पहल पंजाब सरकार द्वारा प्रदूषण नियंत्रण और कृषि क्षेत्र में सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, जिससे किसान भी अपनी समस्याओं का समाधान कर सकेंगे और पर्यावरण पर होने वाले प्रतिकूल प्रभाव को कम किया जा सकेगा।

पंजाब के कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि पिछले साल फसल अवशेष प्रबंधन अभियान काफी सफल रहा, जिसमें 70 प्रतिशत सफलता हासिल की गई। हालांकि, यह सफलता पिछले वर्षों की तुलना में काफी बेहतर थी, लेकिन अवशेष जलाने को गंभीर अपराध न मानने के कारण इसे पूरी तरह से रोकने में सफलता नहीं मिली। कृषि विभाग का कहना है कि घ्खेतों में अवशेष जलाने के मामलों में कड़ी कार्रवाई की जरूरत है, और हर मामले में दोषियों को दंड मिलना चाहिए, ताकि यह समस्या स्थायी रूप से सुलझ सके।

पिछले साल सरकार ने 17,600 मशीनों की उपलब्धता और 1331 कस्टम हायरिंग सेंटर्स की स्थापना की थी, जिससे किसानों को फसलों के अवशेष निपटाने के लिए आसानी से उपकरण मिल सकें। लेकिन सवाल यह उठता है कि क्या यह उपलब्धि ा पर्याप्त है? पंजाब और हरियाणा जैसे कृषि प्रधान राज्यों में मशीनों की सुलभता और कम किराए पर उपलब्धता अत्यंत आवश्यक है, ताकि फसलों के अवशेष जलाने की समस्या को सुलझाया जा सके।

इन दिनों वायु प्रदूषण बहुत हद तक पुराने वाहनों, कोयले के गलत उपयोग और यांत्रिकता के कारण उत्पन्न हो रहा है। ऐसे में यह जरूरी है कि इस स्थिति को एक व्यापक दृ ष्टिकोण से समझा जाए। किसानों को जागरूक करने की जरूरत है कि वे नाड़ को खेतों में दबाकर अपनी उत्पादकता को बढ़ा सकते हैं।

लेकिन वायु प्रदूषण और पर्यावरणीय संकट का समाधान केवल फसलों के अवशेष जलाने तक सीमित नहीं है। इसके लिए एक व्यापक और सशक्त तंत्र की आवश्यकता है। जो एक तरफ खेतों में फसलों के अवशेष जलाने से होने वाले प्रदूषण को नियंत्रित करे, वहीं दूसरी तरफ शहरी क्षेत्रों में बढ़ते यांत्रिक प्रदूषण और धुएं की कालिमा को भी नष्ट करे।

कभी–कभी समस्या को आंशिक रूप से हल करने से उसका असर आधा–अधूरा होता है। इसलिए, जब फसलों के अवशेष जलते हैं तो सारा दोष किसान को ही दिया जाता है और शहरी प्रदूषण की उपेक्षा कर दी जाती है। इस बार यदि हम संतुलित नीति के साथ इस प्रदूषण और घुटन का मुकाबला करने में सफल होते हैं, तो हम इस प्रदूषण नियंत्रण अभियान को सार्थक मान सकते हैं।

—लेखक साहित्यकार हैं।

# आतंकी पनाहगारों को मिले कड़ी सजा

—संजीव ठाकुर—



आज जब पहलगाम में आतंकवादियों ने और उनके आकाओं ने मिलकर भारतीय नागरिकों का एवं भारत सरकार का मनोबल एवं संयम तोड़ने की कोशिश की है एवं 27 निर्दोष भारतीय पर्यटकों की निर्मम हत्या कर भारत की आर्थिक रेखा और जम्मू कश्मीर के निवासियों की रोजी–रोटी छीनने का बड़ा ही घृणित कृत्य किया है। बदला निश्चित तौर पर लिया जाना चाहिए और और ऐसा बदला लिया जाना चाहिए कि आने वाली सात पुस्तें भी आतंकवाद की तरफ ना मुड़ के देख सकें। ऐसे में स्वाभाविक है कि देश के हर नागरिक के खून में उबाल आकर बदला लेने की इच्छा बलवती हो जाती है एवं देश का शीर्ष नेतृत्व भी आक्रोश में आकर बड़ा निर्णय लेकर आतंकवादियों के ठिकानों और उनके नेपथ्य में सहयोगियों को सबक सिखाने की सोचन रही हैं। ऐसी ही विषम परिस्थितियों में हमें अपने आप पर नियंत्रण रखना होता है एवं दिमाग को एकदम शांत रख बड़े निर्णय लेने की आवश्यकता है। भारत सरकार को बड़े ही ठंडे दिमाग से पड़ोसी राष्ट्र पाकिस्तान से इस बार आर–पार की लड़ाई के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण नीति बनानी होगी और उसको समूल नष्ट कर आतंकवाद का स्थाई निराकरण किया जाना चाहिए तब ही जाकर भारत अपने नागरिकों की हत्या का बदला पूरा कर सकता है। हम सबको जीवन में लक्ष्य की प्राप्ति और सफलता के लिए मनुष्य को निरंतर कर्म की प्रध ानता रखकर संयम तथा मनोबल भी रखना होगा तब सोची गई सफलता हमारे सामने होगीस

कठिन तथा विषम परिस्थितियों में हमें अपने मनोबल को सदैव विनम्रता,संयम और साहस के साथ ऊंचा रखना चाहिए ।अपने द्वारा की गई मेहनत पर विश्वास एवं निरंतरता रखनी होगी। तब जाकर ही जीवन में सफलता के पल आपके सामने आएंगे स निराशा, हताशा और हीन भावना को कठोर श्रम के बलबूते पर ही विजय प्राप्त की जा सकती हैस

जीवन में उतार–चढ़ाव, कठिन समय और विषम परिस्थितियां आती ही रहती हैंस संकट का समय विषम परिस्थितियां जीवन के अलग–अलग पहलू हैं ।इनसे जूझ कर जो देश आगे बढ़ता है, वह उच्च मनोबल वाला साहसी देश होता है। व्यक्ति के जीवन में साहस, उच्च मनोबल ही सफलता की कुंजी है। जिस भी व्यक्ति ने विषमताओं में रास्ता निकलने का साहस करके आगे बढ़ने का प्रयास किया है वही सफल हुआ है। हमेशा सफलता का मूल आत्मविश्वास, कठिन श्रम और उच्च आदर्श वाले व्यक्ति की प्रेरणा ही सफलता दिलाने वाली होती है।

समाज को कभी भी किसी भी परिस्थिति में हार नहीं माननी चाहिए। उसे सदैव प्रयासरत रहकर परिश्रम तथा जुझारू पन से हर परिस्थिति का सामना कर सदैव अपने लक्ष्य के प्रति अग्रसर होते रहना चाहिए। हर समाज को अपनी हर हार, हर पराजय से कुछ ना कुछ सीख लेनी चाहिए एवं इससे अनुभव प्राप्त कर फिर से खड़ा होने एवं उस पराजित मनोदशा से छुटकारा पाकर फिर से लड़ने की ऊर्जा एवं शक्ति प्राप्त करनी चाहिए, यह सफलता का बड़ा मंत्र है। सर्वप्रथम मनुष्य अपने मनोबल से किन्हीं भी परिस्थितियों को जीतने का साहस रखता है, इसीलिए मनोबल मनुष्य की पहली आवश्यकता है। मनोबल ही साहस को जन्म देता है और साहस, आत्मबल को और आत्मबल से ही मनुष्य किन्हीं भी परिस्थितियों से जूझना एवं टकराने की क्षमता पैदा करता है। जब मनुष्य के पास खोने के लिए कुछ ना हो तो वह निश्चिंत होकर साहस, क्षमता एवं संयम से आगे बढ़ने का प्रयास करता है, क्योंकि वह जानता है की पीछे पलट कर उसके पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है, शिवाय आगे बढ़ने एवं सफलता के लिए अग्रसर होने के। मनुष्य का मनोबल एवं दृ ढ़ प्रतिज्ञा ही मनुष्य को सदैव आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा देते रहते हैं। मनुष्य के जीवन का एक तथ्य और भी अत्यंत महत्वपूर्ण है वह है सकारात्मक सोच, जो उसे हमेशा आगे बढ़ने की ओर उत्साहित करती रहती है। सकारात्मक सोच एवं किसी भी परिस्थिति को अपने नियंत्रण में लाने की सुनियोजित योजना मनुष्य में आशाओं को भर देती है एवं परिस्थितियों को चुनौती देने की क्षमता का विकास करती है। यह मनुष्य ही है जो हर परिस्थिति में साहस और मनोबल के दम पर उससे विजय प्राप्त करता है। मनुष्य के जीवन और पशु के जीवन में यही फर्क है कि मनुष्य के पास सोचने के लिए मस्तिष्क होता है और वह उसके सकारात्मक उपयोग के साथ आगे बढ़ने की क्षमता रखता है। मनुष्य मुस्कुराता, हंसता और खिलखिलाता है। जबकि पशु में मुस्कुराने हंसने की क्षमता नहीं होती, और यही कारण है कि मनुष्य ने विषम परिस्थितियों पर सदैव विजय प्राप्त करने का प्रयास किया है, वह काफी हद तक सफलता पाने में सफल भी हुआ है। मनुष्य यदि परिस्थितियों में अन्य प्रतियोगिताओं में, खेल में, या युद्ध में पराजित होकर भी प्रेरणा लेकर पुनः साहस के साथ पुनःतैयार होता है तो वह आने वाले समय में सफलता का सही हकदार भी होता है, क्योंकि उसने पूरी क्षमता, साहस ,मनोबल के साथ पराजय को स्वीकार कर के उससे कुछ सीखने का प्रयास किया है। अपनी कमियों को दूर करने की हर संभव कोशिश भी की है ।इस तरह वह अगली परीक्षा में जरूर सफल होता है और यही मानव जीवन का सफल अध्याय भी होता है। कुल मिलाकर परिस्थितियां तथा घटनाएं ,दुर्घटनाएं मनुष्य को परिस्थितियों के सामने पराजित करने, झुकाने की कोशिश करती हैं किंतु मानव अपने शारीरिक, मानसिक, नैतिक, चारित्रिक एवं मानसिक आत्मबल से उसे सफलता में बदल देता है। अनवरत प्रयासरत व्यक्ति अपने साहस परिश्रम से हर चुनौतियों का सामना कर परिस्थितियों में विजय प्राप्त कर अपने जीवन को सफलता के शिखर पर पहुंचाता है। जीवन में कठिन परिस्थितियों से जूझ कर जो मानव सदैव सफल होता है वह पूरे समुदाय और समाज के लिए एक प्रेरणादाई व्यक्तित्व बन कर पूरे समाज एवं देश को मार्गदर्शन भी प्रदान करता है।

# अवैध मदरसों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, नेपाल सीमा पर दो मदरसे किए गए सीज



**संवाददाता–बहराइच।** सोमवार को जिला अपलसंख्यक कल्याण अधिकारी संजय मिश्रा ने टीम के साथ कई मदरसों में छापेमारी की। इस दौरान कई हैरान करने वाली बातें सामने आईं। यहां कक्षा 10वीं का कोई भी छात्र अंग्रेजी में अपना नाम नहीं लिख सका। इस पर अधिकारियों ने मदरसे को नोटिस जारी की। इसमें अरबी और फारसी के अलावा अन्य विषयों पर भी ध्यान केंद्रित करने को कहा। इस दौरान दो मदरसों को सीज किया गया है। नेपाल से होने वाली संदिग्ध गतिविधियों की वजह से मदरसों के खिलाफ अभियान चलाया गया। तहसीलदार अंबिका चौधरी के निर्देश पर जिले में अवैध मदरसों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संजय मिश्रा ने बताया कि दो मदरसों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। आगे अभी जांच करके और कार्रवाई की जाएगी।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संजय मिश्रा ने बताया किया कि निरीक्षण के दौरान कक्षा 10 के छात्रों से अपना और मदरसे का नाम अंग्रेजी में लिखने को कहा गया। लेकिन, कोई भी छात्र नहीं लिख सका। मदरसे का ध्यान मुख्य रूप से अरबी और फारसी की पढ़ाई तक ही सीमित है। अन्य विषयों पर बहुत कम ध्यान दिया जाता है। उन्होंने आगे कहा कि इससे शैक्षणिक स्थिति खराब हो गई है। छात्रों की व्यापक शिक्षा की उपेक्षा करना उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ है। मदरसे को चेतावनी दी गई है कि यदि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए तत्काल कदम नहीं उठाए गए तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मदरसा प्रबंधन और अनुपस्थित शिक्षक को नोटिस भेजा गया है।

मदरसे के एक संकाय सदस्य कारी इरफान ने बताया कि कक्षा 10 में अब तक 15 छात्रों का नामांकन हो चुका है। उनमें से 10 छात्र निरीक्षण के दौरान मौजूद रहे। मदरसे के कार्यवाहक प्रिंसिपल मौलाना शमसुद्दीन ने समाचार एजेंसी पीटीआई को बताया कि जिन छात्रों से अंग्रेजी में लिखने को कहा गया, वे इस मदरसे में नए हैं। वह अंग्रेजी में कमजोर हैं। हम छात्रों के लिए अलग से अंग्रेजी की कक्षाएं लगाएंगे।

शमसुद्दीन ने बताया कि धार्मिक शिक्षा देने के अलावा मदरसे में अंग्रेजी, हिंदी, गणित और विज्ञान पढ़ाने का प्रावधान है। इसलिए विज्ञान शिक्षक की नियुक्ति की गई है। लेकिन, इन विषयों की बजाय अरबी, फारसी और उर्दू पर अधिक जोर दिया गया। एनसीईआरटी पाठ्यक्रम लागू होने के बाद हमने सभी विषयों पर ध्यान देना शुरू कर दिया है। बच्चों के भविष्य के लिए यह बेहतर है कि वे सिर्फ आलिम (धार्मिक विद्वान) बनने तक ही सीमित न रहें। बल्कि, उन्हें अन्य क्षेत्रों में भी अवसर मिलें।

# दो बच्चों की मां दूसरे समुदाय के प्रेमी संग फरार



**संवाददाता–बहराइच।** दो बच्चों की मां को प्यार का ऐसा बुखार चढ़ा कि वह किसी की फिक्र किए बिना दूसरे समुदाय के युवक के साथ फरार हो गई। घटना के बाद से पति और बच्चों का बुरा हाल है। पति कोतवाली पुलिस व अधिकारियों की चौखट के चक्कर लगा रहा है। लेकिन, कहीं सुनवाई नहीं हो रही है। मामला नानपारा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत अगैया का है। यहां के निवासी सुभाष कुमार प्रजापति ने बताया कि उसके घर के पास ही ग्राम पंचायत पोखरा निवासी इमरान मोबाइल की दुकान चलाता था। इस दौरान उसका पत्नी माया देवी (32) से संपर्क हुआ। धीरे–धीरे दोनों के बीच नजदीकी बढ़ी और इमरान मेरी गैर मौजूदगी में घर आने लगा। सुभाष ने बताया कि मुझे इसकी भनक लगती, इससे पहले ही दोनों ने घर से भागने की योजना बना ली। इमरान मेरी पत्नी माया देवी को लेकर फरार हो गया। उनको दो बच्चे सुनील (08) व सलोनी (03) हैं। उन्हें कभी नहीं लगा कि माया ऐसा कर सकती है। माया के घर छोड़ने के बाद से दोनों बच्चे रो रहे हैं। सुभाष ने आरोप लगाते हुए बताया कि उन्हें आशंका है कि इमरान मेरी पत्नी माया का धर्म परिवर्तन कराना चाहता है। अब तक या तो उसने धर्म परिवर्तन करवा दिया होगा या धर्म परिवर्तन करवाने की फिराक में होगा। वह 13 अप्रैल के बाद से लगातार कोतवाली की दौड़ लगा रहे हैं। लेकिन, जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। उनका पैर टूटा हुआ है और प्लास्टर बंधा है। वह प्लास्टर बांधकर लगातार पत्नी की तलाश कर रहे हैं।

# राष्ट्रहित में है एक राष्ट्र–एक चुनाव–राकेश त्रिपाठी

**संवाददाता–श्रावस्ती।** विकासखंड के इकौना के सत्य आर्यन पब्लिक स्कूल में सामाजिक संगठनों ने एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर युवा संवाद समागम का आयोजन किया। युवा संवाद की अध्यक्षता हरिओम तिवारी ने की और मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी मौजूद रहे। राकेश त्रिपाठी ने एक राष्ट्र एक चुनाव को राष्ट्रहित में बताया। इकौना के सत्या द आर्यन पब्लिक स्कूल में आयोजित युवा संवाद समागम में राकेश त्रिपाठी ने कहा कि एक राष्ट्र–एक चुनाव राष्ट्रहित का विषय है। हमारा यह प्रयास होना चाहिए कि समाज का प्रत्येक वर्ग और समूह एक राष्ट्र–एक चुनाव के समर्थन में एकजुट होकर आगे आए। यह किसी एक दल के लिए नहीं बल्कि देश के लिए जरूरी है। विधानसभा और लोकसभा चुनाव एक साथ कराने का क्रम टूटने से बहुत नुकसान हुआ है। इस नुकसान का भुक्तभोगी सर्व समाज तो है इसके साथ युवाओं का बहुत नुकसान होता है। जिसमे विशेषकर छात्रों की पढ़ाई का नुकसान होता है। जिलाध्यक्ष डॉ मिश्रीलाल वर्मा ने कहा कि वर्तमान में परिवेश में पूरा भारतवर्ष एक राष्ट्र एक चुनाव की मांग कर रहा है। विधायक श्रावस्ती राम फेरन पाण्डेय ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव से चुनावी समय सीमाओ को एक साथ जोड़ने के उदेश्य, चुनावों के प्रबंध से जुड़ी चुनौतियों का समाधान करने तथा इसमें लगने वाले खर्च और लगातार चुनावों के कारण कामकाज में होने वाले व्यवधानों को पर लगाम लगेगी। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष महेश मिश्रा ओम, जिला महामंत्री राना प्रताप सिंह, जिला मीडिया प्रभारी बब्बू शर्मा, जिला उपाध्यक्ष वाशुकीनाथ मिश्रा, पवन आजाद, पंकज तिवारी,जिला मंत्री विमल ओझा,मंडल अध्यक्ष अवनेन्द्र गुप्ता, अंगद खान, उमेश तिवारी, उमेश अवस्थी, सहित भाजयुमो कार्यकर्त्ता, छात्र, छात्राएं आदि मौजूद रहेस

## खसरे का प्रकोप, स्वास्थ्य टीम ने गांव में वितरित की दवाएं

**संवाददाता–श्रावस्ती।** जमुनहा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की ग्राम पंचायत बरगदहा के मजरा घुमना गांव में खसरे का प्रकोप फैला है। इसकी सूचना पर स्वास्थ्य विभाग की टीम सक्रिय हो गई। स्वास्थ्य टीम ने गांव में पहुंच कर कैंप करके दवाएं वितरित की। घुमना में खसरे की जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ सुमन बाबू थापा के नेतृत्व में एएनएम कुमकुम वर्मा, आशा कार्यकर्ता गीता शर्मा और संगिनी पुष्पा देवी गांव पहुंचीं। टीम ने खसरे से पीड़ित कविता, बबिता, अर्चना, विनीता समेत कुल आठ मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और तत्काल आवश्यक दवाओं का वितरण किया।

# भाजपा ने चलाया वक्फ सुधार जनजागरण अभियान

**संवाददाता–महराजगंज।** भाजपा कार्यालय सभागार में वक्फ सुधार जनजागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय ने कहा कि वक्फ अधिनियम का मूल उद्देश्य गरीब मुसलमानों को लाभ पहुंचाना और वक्फ संपत्तियों की लूट व दुरुपयोग को रोकना है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग वक्फ विधेयक को लेकर अल्पसंख्यकों को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि यह विधेयक गरीब मुसलमानों के हित में लाया गया है। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा कि भारत में करीब 9 लाख 72 हजार वक्फ संपत्तियां हैं, जिनमें से अधिकांश का लाभ वास्तविक हकदारों को नहीं मिल पा रहा है। कई वक्फ संपत्तियों पर कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया है और उनका गलत उपयोग हो रहा है। उन्होंने बताया कि वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में सुधार के लिए मोदी सरकार द्वारा किए गए संशोधन कांग्रेस शासनकाल में गठित समितियों की सिफारिशों 1976 की वक्फ जांच रिपोर्ट, सच्चर समिति रिपोर्ट और के रहमान खान रिपोर्ट पर आधारित हैं। आज मुस्लिम समुदाय का बड़ा वर्ग इस सुधार का समर्थन कर रहा है।




विशिष्ट अतिथि केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि वक्फ विधेयक मुसलमानों के विशेषकर गरीबों, पसमांदा, महिलाओं, विधवाओं और बच्चों के हित में है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ संगठन मुस्लिम समाज को भ्रमित कर रहे हैं कि इस कानून से मस्जिदें और कब्रिस्तान समाप्त हो जाएंगे, जबकि सच्चाई यह है कि कानून वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा और गरीब मुसलमानों के हित में काम करेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि मस्जिदों और कब्रिस्तानों को कोई नुकसान नहीं पहुंचेगा, बल्कि कब्जाधारी माफियाओं से संपत्तियों को मुक्त कराकर उनका सही उपयोग किया जाएगा। प्रदेश प्रवक्ता समीर सिंह ने कहा कि देश पर लंबे समय तक शासन करने वालों ने गरीबों को केवल वोट बैंक की तरह इस्तेमाल किया। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीबों के विकास के लिए बिना किसी भेदभाव के कार्य कर रहे हैं। वक्फ विधेयक भी इसी दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। जिलाध्यक्ष संजय पांडेय ने कहा कि मुस्लिम समुदाय का एक बड़ा वर्ग वक्फ सुधार विधेयक का समर्थन कर रहा है।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल, नौतनवा विधायक ऋषि त्रिपाठी, पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह, चौधरी शिवेंद्र सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष समीर त्रिपाठी, अरुण शुक्ला सहित कई नेताओं ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मंत्री कुरसेद अंसारी ने किया। कार्यक्रम के संयोजक गौतम तिवारी और अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला संयोजक इल्ताफ अंसारी रहे। इस कार्यक्रम में प्रमुख प्रतिनिधि इंजी. विवेक गुप्ता, राकेश मद्धेशिया, नगर पंचायत अध्यक्ष संतोष जायसवाल, भाजयुमो के क्षेत्रीय महामंत्री अखिलेश पति त्रिपाठी, आफताब आलम, शहद अली, जुनैद अहमद, परवेज अहमद, मुशीर अहमद, इंताफ अली, अकमल हुसैन, इमरान, कलाम, मैनुद्दीन, सरवर अहमद अंसारी सहित तमाम कार्यकर्ता और आम नागरिक उपस्थित रहे।

# सात नई सड़क व सात पुलों का हुआ निर्माण, अब नए की तैयारी

**संवाददाता–बलरामपुर।** वित्तीय वर्ष 2024–25 में बदहाल सड़कों की सूरत बदलने के लिए सरकार ने खजाने का मुंह खोल दिया है। सरकार ने बजट जारी कर उतरौला व सदर विधानसभा में सात नई सड़कों का निर्माण कराया है। साथ ही सात नए पुलों का निर्माण भी पूरा हो चुका है। इस वर्ष 32 सड़कों का पुनर्निर्माण व नवीनीकरण किया गया। अब नए वित्तीय वर्ष में लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड ने 51 अन्य सड़कों को संवारने का खाका तैयार किया है। इसके लिए शासन से स्वीकृति भी मिल गई है। सब कुछ ठीक रहा तो बजट मिलते ही सड़कों का निर्माण शुरू कर दिया जाएगा। इससे लोगों को सड़कों पर हिचकोले खाने से छुटकारा मिल जाएगा। सदर विधानसभा व उतरौला विधानसभा क्षेत्र की बदहाल सड़कें लोगों की मुसीबत का सबब बने हुए थे। क्षेत्रीय विधायक राम प्रताप वर्मा व पल्टूराम से क्षेत्रीय जनता लगातार सड़कों की मांग कर रही थी। दोनों विधायकों ने सीएम योगी से मिलकर सड़कों के निर्माण की मांग की थी। उन्हें जनता की भावनाओं व समस्याओं से अवगत कराया था। इस पर सरकार ने लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड को बजट जारी कर सड़कों के निर्माण व मरम्मतीकरण का निर्देश दिया। लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड ने बलरामपुर विधानसभा में छह करोड़ सात लाख 82 हजार रुपये की लागत से 6.40 किमी लंबाई में चार सड़कों का नया निर्माण कराया है। साथ ही सात करोड़ 12 लाख 61 हजार की लागत से पांच सेतु का निर्माण पूर्ण किया गया है। तीन किमी लंबाई में दो सड़कों के पुनर्निर्माण पर एक करोड़ 43 लाख रुपये खर्च किए गए हैं। अनुरक्षण व नवीनीकरण के अंतर्गत 17.66 किमी लंबाई में 11 कार्य दो करोड़ 57 लाख 74 हजार की लागत से कराए गए हैं। इसी तरह उतरौला विधानसभा में 6.65 किमी लंबाई में नई सड़क के तीन कार्य में छह करोड़ 38 लाख 83 हजार रुपये में कराए गए हैं। साथ ही एक करोड़ 61 लाख 16 हजार से दो सेतु का निर्माण हुआ है। 9.30 किमी लंबी सात सड़कों के पुनर्निर्माण पर पांच करोड़ आठ हजार रुपये खर्च हुए हैं। वहीं 37.20 किमी लंबी 12 सड़कों का अनुरक्षण या नवीनीकरण 12 करोड़ 20 लाख 47 हजार रुपये से कराया गया है। राजेश कुमार, अधिशासी अभियंता, लोनिवि निर्माण खंड ने कहा कि शासन से बजट मिलने पर सड़कों का निर्माण शुरू कराया जाएगा। नए वित्तीय वर्ष में कई अधूरे पुलों को पूरा कराने की योजना है। साथ ही बलरामपुर व उतरौला विधानसभा में कुछ नई सड़कों के लिए भी प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। सरकार से वित्तीय स्वीकृति मिलने की उम्मीद है।

# शिक्षा की जागरूकता के लिए अभिभावक शिक्षक संवाद का आयोजन

**संवाददाता–श्रावस्ती।** विकास खंड जमुनहा के रामपुर गांव में अभिभावक शिक्षक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अभिभावकों को बताया गया कि प्रतिदिन बच्चों को स्कूल भेजना जरूरी है। कार्यक्रम की शुरुआत ड्रीम एक्सेलेरेटर प्रोग्राम के तहत अभिभावकों से संवाद स्थापित किया गया। बैठक में बच्चों के अधिकारों, शिक्षा, पोषण और संरक्षण के महत्व को बताया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजेश कुमार वर्मा ने कहा कि पढ़ाई केवल ज्ञान का साधन नहीं है। बल्कि आत्मनिर्भरता और उज्ज्वल भविष्य का आधार भी है। आओ स्कूल चले माइक्रो प्रोजेक्ट के प्रतिनिधि रविंद्र कुमार ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजें और उनकी पढ़ाई पर सतत निगरानी रखें। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य ने सवाल उठाया कि क्या अभिभावक कभी विद्यालय या आंगनबाड़ी में जाकर बच्चों की प्रगति के विषय में जानकारी लेते हैं। उन्होंने कहा कि अभी नामांकन का समय चल रहा है। अतः सभी अपने बच्चों का समय से दाखिला कराएं और स्वच्छता का ध्यान रखते हुए साफ–सुथरे कपड़ों में विद्यालय भेजें। अभिभावकों ने भी बच्चों की शिक्षा को गंभीरता से लेने और उन्हें नियमित रूप से विद्यालय भेजने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक, एसएमसी समिति के अध्यक्ष, ग्राम प्रधान, अभिभावक, बाल रक्षा भारत की टीम और माइक्रो प्रोजेक्ट के बच्चे मौजूद रहे। कम्पोजिट विद्यालय महादेवा नासिरगंज में बाल सभा का आयोजन किया गया। बाल सभा में पिरामल फाउंडेशन के गांधी फेलो विकास नागरपोले ने नेतृत्व कौशल और विचार व्यक्त करने के महत्व के बारे में बताया। ग्राम प्रधान सुनीता गुप्ता और खंड शिक्षा अधिकारी सतीश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य राघव राम वर्मा, एबी फेलो (नीति आयोग) अनुराग श्रीवास्तव तथा जल जीवन मिशन के प्रतिनिधि अमित सोनकर मौजूद रहे।

# दूसरे व्यक्ति के नाम पर नौकरी कर रहा फर्जी अध्यापक, गिरफ्तार

**संवाददाता–देवरिया।** थाना खामपार पुलिस ने दूसरे व्यक्ति के नाम पर फर्जी तरीके से नौकरी कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम बंगरा के पास से फर्जी अध्यापकर को गिरफ्तार किया है। संजय यादव उर्फ गुड्डू पुत्र धर्मदेव यादव प्राथमिक विद्यालय विरमापट्टी भाटपार रानी में सुरेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र मानबहादुर सिंह कन्हौली खास देवरिया उप्र के नाम से फर्जी तरीके से कूटरचित दस्तावेज के आधार पर जुलाई 2010 से जुलाई 2020 तक नौकरी कर रहा था । 02.04.2021 को शैलेन्द्र कुमार खण्ड शिक्षा अधिकारी भाटपार रानी द्वारा मुकदमा पंजीकृत कराये जाने के बाद से ही आरोपी संजय यादव विद्यालय से फरार चल रहा था ।

# अक्षय तृतीया पर बाल विवाह को लेकर सख्ती

**संवाददाता–बहराइच।** अक्षय तृतीया पर बाल विवाह को लेकर प्रशासन ने सख्ती बरती है। इस बार कड़ी निगरानी की जा रही है। जिला प्रशासन की ओर से बाल विवाह पर सख्ती की जा रही है। जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय ने अक्षय तृतीया (आखा तीज) पर बाल विवाह करने की रूढ़िवादी परम्परा समाज में प्रचलित है। इस वर्ष अक्षय तृतीया 30 अप्रैल 2025 को पड़ रही है। बाल विवाह के रोकथाम हेतु बाल विवाह में सम्मिलित व्यक्तियों के विरूद्ध नियमानुसार कानूनी कार्यवाही की जायेगी। वैवाहिक आयोजन कराने वाले प्रिन्टिंग प्रेस, टेन्ट व्यवसायी, मैरिज हॉल, बैण्ड वाजा, कैटर्स, फोटोग्राफर, पुरोहित/मोलवी इत्यादि व्यक्तियों एवं संस्थाओं से भी अपेक्षा की गयी है कि वैवाहिक आयोजन कराने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि वधू की आयु 18 वर्ष एवं वर की आयु 21 वर्ष से कम न हो। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने आमजन से अपील की है कि बाल विवाह से सम्बन्धित कोई प्रकरण संज्ञान में आता है तो तत्काल 112, 181, 1098, 1090 नम्बर या स्थानीय पुलिस स्टेशन/चौकी को सूचित कर दें, जिससे बाल विवाह को रोका जा सके। बाल विवाह का अनुष्ठान करने वाले व्यक्तियों के लिए 02 वर्ष के कठोर कारावास अथवा 01 लाख रूपये का जुर्माना अथवा दोनों का प्राविधान है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत-आमकोइल वि0ख0 बनकटी जनपद- बस्ती

### अल्पकालिक निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2025–26 में 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/अंत्येष्टि स्थल/स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजनान्तर्गत प्राथमिक विद्यालय/ पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण, सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 29–04 2025 से 06–05–2025 तक कार्यालय कार्य दिवस में अपरान्ह 02.00 बजे तक प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सील बंद निविदा प्राप्त कर जमा कर सकते है। दिनांक 07–05–2025 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपरान्ह 12.00 बजे खोली जायेगी, निविदा फर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्राक्कलन के अनुसार | शिड्यूल रेट के अनुसार (निम्नतम दर पर |
|---|---|---|---|
| 1 | टाइल्स, शुलभ/सामुदायिक शौचालय | | |
| 2 | सीमेन्ट, बालू, गिट्टी, छड़ | | |
| 3 | ईट, हैण्डपम्प रिबोर, हरा चारा, सूखा चारा, चुन्नी सीमेंटेड ईट | | |
| 4 | पलम्बरी सामग्री, खेल कूद के मैदान पर खेल कूद की सामग्री | | |
| 5 | समर्सिबल, विद्युत तार, जलसंचयन सम्बन्धी कार्य | | |
| 6 | इण्टरलाकिंग टाइल्स सामग्री गोवंश आश्रय केन्द्र पर भूसा अन्य | | |
| 7 | डेस्क, बेंच फर्नीचर/आलमारी | | |
| 8 | ग्रीन बोर्ड पर्दा, अन्त्येष्टी स्थल, सूखा–गीला कचरा प्रबंधन व कम्पोस्ट गड्ढा इत्यादि | | |
| 9 | भूसा, वृक्षारोपण (पौधा कम से कम 6 फीट का होना चाहिए) | | |
| 10 | कंस्ट्रक्शन ज्वाइंट, आंगनबाड़ी केन्द्र | | |
| 11 | नाली निर्माण सामग्री, पंचायत भवन | | |
| 12 | खंड़जा, सोख्ता, सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट | | |
| 13 | योगा/व्यायाम सामग्री, मॉडर्न वृक्षारोपण, ह्यूम पाईप, सी.सी. टीवी कैमरा ए.सी.पी. बोर्ड, दिशा सूचक/साईन बोर्ड/शिलापट्ट या फैन्सग्रास | | |
| 14 | पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, आपरेशन कायाकल्प, फागिंग मशीन, लाल ईंट आदि। | | |

**प्रतिबंध एवं शर्ते**– सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। समाग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात तय की जायेगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर एवं आयकर कार्यालय में पंजीकरण अनिवार्य है। प्रस्तुत दर पी.डब्लू.डी. की दर से अधिक न हो। सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा रू0–50 के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा। सामग्री आपूर्ति के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्यकर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**(मंजू देवी)** ग्राम प्रधान **(पवन कुमार पाण्डेय)** ग्रा0पं0/ग्रा0वि0अधि0

**पत्रांक मेमो /28.04.2025 वित्तीय वर्ष 2025–26**

## कार्यालय ग्राम पंचायत-सूरापार वि0ख0 बनकटी जनपद- बस्ती

### अल्पकालिक निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2025–26 में 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/अंत्येष्टि स्थल/स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजनान्तर्गत प्राथमिक विद्यालय/ पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण, सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 29–04 2025 से 05–05–2025 तक कार्यालय कार्य दिवस में अपरान्ह 02.00 बजे तक प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सील बंद निविदा प्राप्त कर जमा कर सकते है। दिनांक 06–05–2025 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपरान्ह 12.00 बजे खोली जायेगी, निविदा फर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्राक्कलन के अनुसार | शिड्यूल रेट के अनुसार (निम्नतम दर पर |
|---|---|---|---|
| 1 | टाइल्स, शुलभ/सामुदायिक शौचालय | | |
| 2 | सीमेन्ट, बालू, गिट्टी, छड़ | | |
| 3 | ईट, हैण्डपम्प रिबोर, हरा चारा, सूखा चारा, चुन्नी सीमेंटेड ईट | | |
| 4 | पलम्बरी सामग्री, खेल कूद के मैदान पर खेल कूद की सामग्री | | |
| 5 | समर्सिबल, विद्युत तार, जलसंचयन सम्बन्धी कार्य | | |
| 6 | इण्टरलाकिंग टाइल्स सामग्री गोवंश आश्रय केन्द्र पर भूसा अन्य | | |
| 7 | डेस्क, बेंच फर्नीचर/आलमारी | | |
| 8 | ग्रीन बोर्ड पर्दा, अन्त्येष्टी स्थल, सूखा–गीला कचरा प्रबंधन व कम्पोस्ट गड्ढा इत्यादि | | |
| 9 | भूसा, वृक्षारोपण (पौधा कम से कम 6 फीट का होना चाहिए) | | |
| 10 | कंस्ट्रक्शन ज्वाइंट, आंगनबाड़ी केन्द्र | | |
| 11 | नाली निर्माण सामग्री, पंचायत भवन | | |
| 12 | खंड़जा, सोख्ता, सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट | | |
| 13 | योगा/व्यायाम सामग्री, मॉडर्न वृक्षारोपण, ह्यूम पाईप, सी.सी. टीवी कैमरा ए.सी.पी. बोर्ड, दिशा सूचक/साईन बोर्ड/शिलापट्ट या फैन्सग्रास | | |
| 14 | पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, आपरेशन कायाकल्प, फागिंग मशीन, लाल ईंट आदि। | | |

**प्रतिबंध एवं शर्ते**– सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। समाग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात तय की जायेगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर एवं आयकर कार्यालय में पंजीकरण अनिवार्य है। प्रस्तुत दर पी.डब्लू.डी. की दर से अधिक न हो। सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा रू0–50 के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा। सामग्री आपूर्ति के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्यकर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**(मीरा देवी)** ग्राम प्रधान **(पवन कुमार पाण्डेय)** ग्रा0पं0/ग्रा0वि0अधि0

**पत्रांक मेमो /28.04.2025 वित्तीय वर्ष 2025–26**

## कार्यालय ग्राम पंचायत-नेवारी वि0ख0 बनकटी जनपद- बस्ती

### अल्पकालिक निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2025–26 में 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/अंत्येष्टि स्थल/स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजनान्तर्गत प्राथमिक विद्यालय/ पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण, सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 29–04 2025 से 03–05–2025 तक कार्यालय कार्य दिवस में अपरान्ह 02.00 बजे तक प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सील बंद निविदा प्राप्त कर जमा कर सकते है। दिनांक 05–05–2025 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपरान्ह 12.00 बजे खोली जायेगी, निविदा फर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्राक्कलन के अनुसार | शिड्यूल रेट के अनुसार (निम्नतम दर पर |
|---|---|---|---|
| 1 | टाइल्स, शुलभ/सामुदायिक शौचालय | | |
| 2 | सीमेन्ट, बालू, गिट्टी, छड़ | | |
| 3 | ईट, हैण्डपम्प रिबोर, हरा चारा, सूखा चारा, चुन्नी सीमेंटेड ईट | | |
| 4 | पलम्बरी सामग्री, खेल कूद के मैदान पर खेल कूद की सामग्री | | |
| 5 | समर्सिबल, विद्युत तार, जलसंचयन सम्बन्धी कार्य | | |
| 6 | इण्टरलाकिंग टाइल्स सामग्री गोवंश आश्रय केन्द्र पर भूसा अन्य | | |
| 7 | डेस्क, बेंच फर्नीचर/आलमारी | | |
| 8 | ग्रीन बोर्ड पर्दा, अन्त्येष्टी स्थल, सूखा–गीला कचरा प्रबंधन व कम्पोस्ट गड्ढा इत्यादि | | |
| 9 | भूसा, वृक्षारोपण (पौधा कम से कम 6 फीट का होना चाहिए) | | |
| 10 | कंस्ट्रक्शन ज्वाइंट, आंगनबाड़ी केन्द्र | | |
| 11 | नाली निर्माण सामग्री, पंचायत भवन | | |
| 12 | खंड़जा, सोख्ता, सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट | | |
| 13 | योगा/व्यायाम सामग्री, मॉडर्न वृक्षारोपण, ह्यूम पाईप, सी.सी. टीवी कैमरा ए.सी.पी. बोर्ड, दिशा सूचक/साईन बोर्ड/शिलापट्ट या फैन्सग्रास | | |
| 14 | पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, आपरेशन कायाकल्प, फागिंग मशीन, लाल ईंट आदि। | | |

**प्रतिबंध एवं शर्ते**– सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। समाग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात तय की जायेगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर एवं आयकर कार्यालय में पंजीकरण अनिवार्य है। प्रस्तुत दर पी.डब्लू.डी. की दर से अधिक न हो। सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा रू0–50 के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा। सामग्री आपूर्ति के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्यकर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**(अभय शंकर शुक्ल)** ग्राम प्रधान **(पवन कुमार पाण्डेय)** ग्रा0पं0/ग्रा0वि0अधि0

**पत्रांक मेमो /28.04.2025 वित्तीय वर्ष 2025–26**


# बिड़हरघाट पर स्नान के दौरान सरयू नदी में डूबकर दो लोगों की मौत



**संवाददाता–संतकबीरनगर।** थाना धनघटा के बिड़हरघाट पर सोमवार को सुबह स्नान के दौरान सरयू नदी में डूबने से दो लोगों की मौत हो गई। ये लोग अम्बेडकरनगर जिले के थाना जहांगीरगंज के हुसैनपुर खुर्द में एक वैवाहिक आयोजन में शामिल होने आए थे। सुबह स्नान के लिए यहां आए थे। मौके पर पहुंची धनघटा पुलिस ने गोताखोरों को लगाकर घंटों बाद शवों को निकलवाया। मरने वालों में एक जिला सुल्तानपुर के थाना चांदा के रजवाड़ा रामपुर और दूसरा बस्ती जिले के गांव इमलिया थाना परशुरामपुर का निवासी था। पुलिस के अनुसार आकाश मिश्रा पुत्र साकेत मिश्रा निवासी हुसैनपुर खुर्द थाना जहांगीरगंज जनपद आजमगढ़ ने धनघटा पुलिस को दूरभाष पर सूचना दी। बताया कि सरयू स्नान के लिए बिड़हरघाट पर आए थे। उनके साथ भूपेन्द्र सिंह पुत्र ज्ञान सिंह निवासी दिल्ली, अनु पुत्र स्व. महेन्द्र सिंह निवासी दिल्ली, शिवांश पुत्र अजय तिवारी निवासी तिवारीपुर, वरुण पाण्डेय पुत्र देवी प्रसाद पाण्डेय निवासी गोसाईगंज, रवि रावत पुत्र अशोक निवासी रजवाड़ा रामपुर थाना चाँदा जिला सुल्तानपुर, प्रणव पाण्डेय पुत्र विजयशंकर निवासी इमलिया गांव थाना परशुरामपुर जनपद बस्ती शादी समारोह में शामिल होने के लिए विजयभान मिश्रा पुत्र रामलक्षण मिश्रा निवासी हुसैनपुर खुर्द थाना जहांगीरगंज जनपद अम्बेडकरनगर के यहां आए हुए थे। सोमवार को सुबह करीब 10.00 बजे के आस पास आकाश के साथ ये लोग नहाने के लिए बिड़हरघाट आये हुए थे। आकाश के अनुसार नहाते समय रवि रावत पुत्र अशोक निवासी रजवाड़ा रामपुर थाना चाँदा जिला सुल्तानपुर व प्रणव पाण्डेय पुत्र विजयशंकर निवासी इमलिया गांव थाना परशुरामपुर जनपद बस्ती नदी में डूब गए हैं।

सूचना पर बिड़हरघाट पहुंची पुलिस ने गोताखोरों के माध्यम से सरयू नदी में तलाश शुरू कराई। लगभग तीन घंटे की मशक्कत के बाद दोनों का शव नदी से निकलवाया गया। शवों के पंचायतनामा की कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

# पुरानी रंजिश में युवक को मारी गोली, हालत गंभीर



**संवाददाता–गोरखपुर।** चौरीचौरा थाना क्षेत्र के चौरा गांव में रविवार रात 9:30 बजे पुरानी रंजिश में मारपीट के दौरान दो पक्षों में जमकर ईंट–पत्थर चले। इस दौरान मनबढ़ों ने एक युवक को गोली मार दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को सीएचसी चौरीचौरा में भर्ती कराया, जहां हालत गंभीर देख जिला अस्पताल फिर वहां से बीआरडी मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। जानकारी के मुताबिक, रविवार की देर शाम चौरा गांव के गौतम ठाकुर को शाम को गांव के ही कुछ मनबढ़ युवकों ने मारपीट कर घायल कर दिया था। आरोप है इसी दौरान छांगुर यादव, मुन्ना यादव, फाकील खान, आशीष जायसवाल और अन्य अज्ञात लोग मौके पर पहुंचे और गाली देने लगे। विरोध करने पर मनबढ़ों ने पहले ईंट–पत्थर चलाया, फिर गोली चला दी। गोली आशीष के सीने में बायीं तरफ लगी और वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े। आसपास के लोगों के शोर मचाने पर हमलावर भागे। थाना प्रभारी वेद प्रकाश शर्मा दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और घायल युवक को सीएचसी भिजवाया। वहां से प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना पर एसपी नार्थ जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव भी पहुंचे और मामले की जानकारी ली। एसपी ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। सभी आरोपी फरार हैं। पुलिस ने आरोपियों के परिवार के कुछ लोगों को हिरासत में लिया है।

# पहलगाम आतंकी हमले का मुंहतोड़ जवाब दें प्रधानमंत्री, सरकार के साथ खड़ी है कांग्रेस –अजय राय



**संवाददाता–अयोध्या।** सोमवार को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पहुंचे। यहां उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमला बहुत ही दुखद घटना है। केंद्र सरकार को इसका मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए। कांग्रेस पार्टी उनके साथ खड़ी है। मौजूदा समय में जो भी देश के खिलाफ हैं, उनको प्रतिबंधित करना चाहिए। अजय राय ने आगे बोलते हुए प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाया। कहा कि जो भी घटनाएं हो रही हैं, उससे स्पष्ट है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। 29 अप्रैल से उत्तर प्रदेश में राहुल गांधी का दो दिवसीय दौरा है। वह अमेठी और रायबरेली में रहेंगे।

अजय राय ने बताया कि यहां के बाद राहुल गांधी कानपुर जाएंगे। वहां आतंकी हमले में मारे गए शुभम द्विवेदी के परिवार वालों से मिलेंगे। अपनी संवेदना प्रकट करेंगे। उन्होंने कहा कि लगातार संविधान पर हमला हो रहा है। संविधान को बचाने के लिए आज देशभर में संविधान बचाओ रैली हो रही है।

## अदालती नोटिस

(हेतु सन्दर्शित करने की सूचना साधारण प्रारूप)

न्यायालय–श्रीमान प्रथम अपर जिला जज बस्ती जिला–बस्ती

मुतफरिका वाद सं. 224/2024

मेसर्स होरा मोटर्स प्रा0 लि0 रजि0

बनाम

भगेलू आदि

1. भगेलू 1/1 काशीराम (मृतक) 4. चम्पा देवी पत्नी काशीराम 2. कन्हैयाल गौड 3. शिवशंकर उर्फ रवि 4. शनि उर्फ सनी कुमार पुत्रगण काशीराम 5. रामजियावन उर्फ जियावन पुत्र भगेलू निवासी पचौरा तप्पा कड़ परगना बस्ती पूरव तहसील व जिला–बस्ती हाल मुकाम प्लास्टिक काम्पलेक्स झरकटिया तप्पा कड़र परगना बस्ती पूरव तहसील व जिला–बस्ती

**तारीख पेशी 27–05–2025**

चूंकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि अतएवं आपके एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इसे आदेश के खिलाफ हेतु सन्दर्भित करने के लिये 2025 के माह 05 के 27 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुर्दिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा न करने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन 25 के माह के दिवस को निकाली गयी।

द0 हाकिम

## अदालती नोटिस

सम्मन बनाम कायम मुकाम कानूनी मुदाअलेह मुतवफ्फा

(आर्डर 22, कायदा 4)

न्यायालय–श्रीमान ग्राम न्यायालय हर्रैया जिला–बस्ती

मूलवाद सं0–985/2018

ओम प्रकाश दूबे

बनाम

श्याम प्रकाश दूबे आदि

7/1 कुमारी पूजा उम्र लगभग 29 साल पुत्री इष्टदेव पाठक निवासी ग्राम पकड़ी जप्ती तप्पा रतनपुर पोस्ट चोरखरी परगना बस्ती पश्चिम तहसील हर्रैया जिला–बस्ती

**तारीख पेशी 02–05–2025**

हरगाह मुद्दई ने एक नालिश इस अदालत में बतारीख माह सन 20 ई0 बनाम मुद्दाअलेह के रूजू की थी, जो बाद की मौत हरगाह मुद्दई मजकूर ने एक दरख्वास्त इस अदालत में गुजारी है कि आप मुतवफ्फा मजकूर का कायम मुकाम कानूनी वारिस है और चाहता है कि बजाय उसके मुद्दाअलेह बनाये जांय।

लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख 02 माह 05 सन 2025 ई0 बवक्त 10 बजे इस अदालत में हाजिर होकर मुकदमा मजकूर जबाबदेही कीजिये और अगर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी आपके मसमूअ और फैसला होगा।

बवक्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत आज बतारीख 25 माह 04 सन 2025 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

# एसटीएफ ने पकड़ी सिंथेटिक ड्रग्स फैक्टरी, सरगना समेत दो तस्कर गिरफ्तार



**संवाददाता–अयोध्या।** अयोध्या में सिंथेटिक ड्रग्स फैक्टरी का भंडाफोड़ हुआ है। एसटीएफ ने 812 ग्राम मेफेड्रान और ड्रग्स बनाने का अन्य सामान पकड़ा है। इस दौरान सिंथेटिक ड्रग्स की तस्करी करने वाले गिरोह के सरगना समेत दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है। उत्तर प्रदेश स्पेशल टास्क फोर्स (यूपी एसटीएफ) ने सिंथेटिक ड्रग्स की तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। गिरोह के सरगना समेत दो तस्करों को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। कार्रवाई के दौरान टीम ने 812 ग्राम नशीला पदार्थ मेफेड्रान (एमडी) सहित भारी मात्रा में केमिकल्स और ड्रग्स बनाने के उपकरण बरामद किए हैं।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहम्मद कयूम और बिपिन बाबूलाल पटेल के रूप में हुई है। कयूम अयोध्या जिले के रौनाही थाना क्षेत्र का निवासी है। दूसरा आरोपी बिपिन गुजरात के मैसाना जिले का मूल निवासी है। वह वर्तमान में अहमदाबाद में रह रहा था।

# कैंडिल मार्च निकाल पहलगाम के मृतकों को दी गई श्रद्धांजलि




**संवाददाता–संतकबीरनगर।** जिले के मेंहदावल कस्बे में लोगों ने कश्मीर के पहलगाम में हुई आंतकी घटना में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धाजंलि देने के लिए कैंडिल मार्च निकाला। घटना को लेकर लोगों में आक्रोश देखने को मिला। सभी ने सरकार से हमले के लिए जिम्मेदार पाकिस्तान पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। मेंहदावल रोडवेड तिराहे से पैदल मार्च करते हुए लोगों का जत्था पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए कुबेरनाथ मंदिर पंहुचा। यहां से हाथ में आतंक विरोधी, पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारों की तख्तियां लिए कैंडिल मार्च निकालते हुए कस्बे का भ्रमण किया। मार्च के दौरान लोगों ने आतंकवाद मुर्दाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद के जोरदार नारे लगाए गए। हिंदू–मुस्लिम दोनों समुदाय के लोग इसमे शामिल हुए। लोगों ने कहा कि आतंकादियों ने पहलगाम में कायरता की सारी हदें पार कर दी हैं। अमन–शांति की राह पर लौट चुके जम्मू–कश्मीर में निर्दोष पर्यटकों को गोलियों से मौत के घाट उतारकर घाटी में दहशत फैलाने का काम किया है। भारत सरकार को आतंकवादियों को सरक्षण देने वाली पाकिस्तान सरकार और सेना के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। साथ ही पीओके के आंतकवादी कैम्पों को नेस्तनाबूत करके ही इस तरह की घटनाओं को रोका जा सकता है।

# हरिहरपुर पहुंचे विधायक, लिया विकास कार्यों का जायजा

**संवाददाता–संतकबीरनगर।** जिले के धनघटा विधायक गणेश चन्द्र चौहान नगर पंचायत हरिहरपुर के विकास का जायजा लेने पहुंचे। उन्होंने विकसित क्षेत्र का जायजा लेने के साथ ही नई बसी आबादी के बीच भी पहुंचे। वहां की पेयजल, जल निकासी, मार्ग सहित अन्य समस्याओं को देखकर उन्होंने ईओ को निर्देशित किया कि तत्काल कार्ययोजना तैयार कराएं। नगर विकास मंत्री से मिलकर उसे स्वीकृत कराते हुए जल्द से जल्द सभी समस्याओं को दूर कराया जाएगा। नगर पंचायत के नई बसी आबादी की समस्याओं को आपने अपने अखबार हिन्दुस्तान ने अपने अभियान बोले संतकबीरनगर में 25 अप्रैल के अंक में प्रमुखता से उठाया था। जिसका संज्ञान विधायक ने लिया है।

विधायक गणेश चन्द्र चौहान ने नगर पंचायत हरिहरपुर के क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का भी जायजा लिया। नई बसी आबादी में पहुंचकर



उन्होंने वहां की स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान, स्थानीय सभासदों ने विधायक को पेयजल, जलनिकासी, सड़कों और बिजली की समस्याओं से अवगत कराया। सभासदों ने बताया कि नई आबादी बसने के कारण इन मूलभूत सुविधाओं की आवश्यकता बढ़ गई है और वर्तमान व्यवस्था इन जरूरतों को पूरा करने में सक्षम नहीं है। विधायक ने उन्हें आश्वासन दिया कि क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह जल्द ही नगर विकास मंत्री से मिलकर हरिहरपुर में आवश्यक विकास कार्यों को स्वीकृत कराएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि शहिन्दुस्तानश द्वारा चलाए गए अभियान से उन्हें क्षेत्र की समस्याओं को गहराई से जानने और उनका समाधान करने में मदद मिली है। विधायक ने ईओ को निर्देश दिया कि वह एक विस्तृत प्रस्ताव तैयार करें जिसमें पेयजल की व्यवस्था, जल निकासी के लिए नाला निर्माण, नई सड़कों का निर्माण और विद्युतीकरण जैसे कार्य शामिल हों। उन्होंने कहा कि सरकार विकास कार्यों के लिए पर्याप्त बजट उपलब्ध कराएगी और हरिहरपुर को एक मॉडल नगर पंचायत है, इसके और विकसित कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि यहां के चेयरमैन रविन्द्र प्रताप उर्फ पप्पू शाही की विकासशील सोच ने नगर पंचायत को प्रदेश ही नहीं देश में स्थान दिलाया है। चार हजार आवास बनवाकर नगर पंचायत ने कीर्तिमान रचा है। नगर पंचायत कार्यालय से लेकर जो विकास कार्य हुए हैं उन्हे देख हर कोई प्रसन्नचित हो उठता है। आबादी बढ़ने के साथ ही क्षेत्रफल बढ़ रहा है। इस कारण और संसाधन बढ़ाए जाने की जरूरत है।

# आकाशीय बिजली के झटके से गिरकर पीएसी जवान जख्मी, वर्दी भी जली



**संवाददाता–सिद्धार्थनगर।** पहलगाम में हुई आतंकी घटना के बाद इंडो–नेपाल बॉर्डर पर सतर्कता बढ़ा दी गई है। बॉर्डर के करीब मोहाना थाना क्षेत्र के झंगटी गांव में सोमवार की सुबह संतरी की ड्यूटी कर रहा 26वीं वाहिनी पीएसी का एक जवान आकाशीय बिजली के चपेट में आ गया। इससे उसकी वर्दी आगे पीछे जल गई। जवान झुलसा तो नहीं पर झटके से गिरने की वजह से उसे चोट आई है। उसे जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। वह पड़ोसी जिला महराजगंज का निवासी है। पहलगाम में हुई आतंकी घटना के बाद जिले से सटी नेपाल सीमा पर भी अलर्ट है। एसएसबी जवान तो निगरानी कर ही रहे हैं अतिरिक्त फोर्स भी मंगाई गई है जिससे किसी प्रकार की घुसपैठ की संभावना न हो। सीमा सुरक्षा के लिए गोरखपुर से 26वीं वाहिनी पीएसी भी आई है। इस वाहिनी में महराजगंज जिला के महराजगंज थाना के पिपरा गांव निवासी कांस्टेबल विजय पटेल (30) पुत्र वीरेंद्र पटेल भी शामिल हैं। विजय पटेल शुक्रवार की सुबह मोहाना थाना क्षेत्र के झंगटी गांव में संतरी ड्यूटी पर तैनात थे। इस दौरान तेज कड़क के साथ आकाशीय बिजली सटे पेड़ पर गिरी और उसे छीलते हुए नीचे चली गई। आकाशीय बिजली की चपेट में पीएसी जवान विजय भी आ गया। उसकी आगे पीछे की वर्दी जल गई लेकिन भाग्यशाली रहा कि झुलसा नहीं। तेज झटके से जमीन पर गिर पड़ा इससे चोटें आई। मौजूद अन्य पीएसी जवानों ने तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया जहां उसका इलाज चल रहा है। वह खतरे से बाहर है।

पीएसी जवान जो झंगटी में ड्यूटी पर था वह आकाशीय बिजली की चपेट आकर घायल हुआ है। उसका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। खतरे से बाहर है।

# करंट की चपेट में आने से एक युवक की हुई मौत

**संवाददाता–संतकबीरनगर।** संतकबीरनगर जिले के थाना धनघटा के जखौती गांव में करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। उसने खेत में चल रहे टुल्लू पंप का तार पकड़ लिया। इससे करंट की चपेट में आ गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया। सीएचसी हैंसर पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। वह धनघटा थाना क्षेत्र के सोनडीहा का निवासी था। ग्राम टाड़ा थाना धनघटा निवासी अमरजीत पुत्र रामराज लोहरैया चौकी को फोन से सूचना दी। राकेश पुत्र मोतीलाल अग्रहरि निवासी जखौती थाना धनघटा अपने खेत पर टूल्लू पम्प से पानी चला कर घर चले गए थे। इसी दौरान शनि देवल (20) पुत्र कल्लू बेलदार निवासी ग्राम सोनडीहा थाना धनघटा ने बिजली का तार पकड़ लिया। वह बेहोश हुआ पड़ा हुआ है। सूचना चौकी प्रभारी उप निरीक्षक आजम अंसारी मय फोर्स के मौके पर पहुंचे। शनि देवल मौके पर बेहोशी की हालत में मिला।

# छुट्टी तय न काम का समय, वेतन संग भविष्य भी अंधकारमय

**संवाददाता–संतकबीरनगर।** जिले में सीएमओ कार्यालय, जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहित जिले के सरकारी अस्पतालों में आउट सोर्सिंग के माध्यम से चयनित संविदा कर्मी एक्स–रे टेक्नीशियन, वार्ड ब्वॉय, वार्ड आया, कम्प्यूटर ऑपरेटर, चौकीदार आदि पदों पर भर्ती की गई है। इन्हें उनके पद के अनुसार अलग–अलग मानदेय दिया जाता है। लेकिन कर्मचारियों का कहना है कि मानदेय नियमित नहीं मिलता। मानदेय के लिए बार–बार उन्हें धरना से लेकर भूख हड़ताल तक करना पड़ रहा है। मानदेय के लिए जिससे भी गुहार लगाते हैं वही बजट का रोना रोने लगता है। आश्वासन के सिवा कुछ हाथ नहीं आता है। जबकि ड्यूटी लगातार ली जा रही है। फिर भी उनकी समस्या की अनदेखी की जा रही है। इससे उन्हें आर्थिक परेशानी के साथ मानसिक पीड़ा भी हो रही है। किन्तु उनकी तकलीफ कोई गंभीरता से नहीं ले रहा है। आपके अपने अखबार हिन्दुस्तान ने जब संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों से बात की तो उन्होंने अपनी पीड़ा साझा करते हुए इंसाफ की गुहार लगाई है।

जनपद में स्वास्थ्य सेवाएं ज्यादातर संविदा कर्मियों के भरोसे ही है। लैब से लेकर हर जगह ये ही तैनात हैं। पूरी मुस्तैदी से कभी नियमित कार्य करते हैं। गांवों में अभियान हो, मेडिकल कैंप हो हर आयोजन इनकी बिना मौजूदगी में सफल नहीं हो पाता है। उसके बावजूद विभाग के जिम्मेदारों से लेकर सेवा प्रदाता कंपनी तक इनका उत्पीड़न करती है। न समय से वेतन मिलता है और न ही भविष्य की कोई गारंटी है। हर साल नवीनीकरण इनके लिए बड़ी मुसीबत है। जनपद में सबसे अधिक आउट सोर्सिंग कंपनी अवनी परिधि कम्युनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड की ओर से कर्मचारी भर्ती किए गए हैं। कर्मचारियों की माने तो उनकी कोई सुनवाई नहीं होती है। लगातार हक के लिए आन्दोलन किया जा रहा है। कर्मचारियों की माने तो छुट्टी मिलने में भी परेशानी होती है। रविवार को भी काम पर लगा देते हैं। कैंप लगने पर अस्पताल और शहर के बाहर भी जाकर ड्यूटी करनी पड़ती है। फिर भी जब मानदेय की बारी आती है तो सब एक दूसरे पर जिम्मेदारी डालकर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं। आउटसोर्सिंग कंपनी वाले कहते हैं कि उन्हें सरकार से मानदेय के रुपये नहीं मिले हैं। जबकि सीएमओ कार्यालय जाने पर कहा जाता है कि मानदेय के लिए शासन से बजट अभी नहीं आया है। इस हीलाहवाली में कर्मचारियों का मानदेय अटक जाता है। इससे उनके परिवार की अर्थव्यवस्था चरमरा गई है।

आउटसोर्सिंग पर भर्ती हुए स्वास्थ्यकर्मियों का कहना है कि जहां भी ड्यूटी लगाई जाती है वहां जाकर ड्यूटी कर रहे हैं। किन्तु मानदेय के लिए 2023 से हर साल सीएमओ कार्यालय के बाहर जाकर धरना प्रदर्शन करना पड़ रहा है। फिर भी उनकी समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है। हर बार आश्वासन देकर धरना समाप्त करा दिया जाता है। संविदा स्वास्थ्य कर्मी अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए अपने हक के लिए आन्दोलन भी करते रहते हैं।

## अदालती नोटिस

(हेतु सन्दर्शित करने की सूचना साधारण प्रारूप)

न्यायालय–श्रीमान प्रथम अपर जिला जज बस्ती जिला–बस्ती

वाद सं. 469/1989

अरविन्द कुमार राय

बनाम

फौजदार

1/1 श्रीमती गुड्डी उम्र लगभग 58 वर्ष 1/2 राजेश उम्र लगभग 55 वर्ष 1/3 राकेश उम्र लगभग 51 वर्ष 1/4 रमेश उम्र लगभग 48 वर्ष पुत्रगण फौजदार साकिनान मौजा विधियानी तप्पा दखिन हवेली परगना मगहर पूरव तहसील खलीलाबाद जिला संतकबीरनगर

**तारीख पेशी 12–05–2025**

चूंकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि अतएवं आपके एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इसे आदेश के खिलाफ हेतु सन्दर्भित करने के लिये 2025 के माह 05 के 12 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुर्दिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा न करने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन 25 के माह के दिवस को निकाली गयी।

द0 हाकिम

## अदालती नोटिस

इत्तिलानामा बनाम रेपान्डेन्ट बावत इत्तिला तारीख मुकर्ररह समायत अपील

अपील सं0–51/2024

अदालत– श्रीमान प्रथम अपर जिला जज महोदय बस्ती जिला–बस्ती

रामकुमार

बनाम

भोला

1/1/2 हरि प्रसाद उम्र लगभग 40 साल 1/1/2 शिव प्रसाद उम्र लगभग 38 साल 1/1/3 नन्दलाल उम्र लगभग 34 साल पुत्रगण स्व0 मुरली निवासीगण ग्राम भौरा तप्पा हवेली परगना बस्ती पूरव तहसील व जिला–बस्ती 1/1/5 झिनका वी उर्फ कुलपा उम्र लगभग 40 साल पुत्री स्व0 मुरली निवासिनी ग्राम छपिया तिवारी पो0 मुण्डेरवा तप्पा कोरऊ परगना महुली पश्चिम तहसील व जिला–बस्ती 1/1/6 बन्दना उर्फ कोहल उम्र लगभग 40 साल 30 साल पत्नी दिनेश पुत्री स्व0 मुरली निवासिनी रखौना पो0 निरंजनपुर तप्पा देवरांव परगना नगर पूरव तहसील व जिला–बस्ती 1/1/7 रिंकी उम्र लगभग 26 साल पत्नी फागूराम निवासिनी ग्राम धर्मपुर पो0 दुधौरा तप्पा दुबखरा परगना नगर पूरव तहसील व जिला–बस्ती 1/2/1 पुद्दन उम्र लगभग 27 साल 1/2/2 मोनू उम्र लगभग 24 साल 1/2/3 छोटू उम्र लगभग 22 साल पुत्रगण स्व0 रामहरख 1/2/4 श्रीमती रानी उम्र लगभग 51 साल पत्नी स्व0 रामहरख 1/3/1 प्रभावती देवी उम्र लगभग 48 साल 1/3/2 संजय उम्र लगभग 23 साल 1/3/3 विजय उम्र लगभग 19 साल पुत्रगण स्व0 गंगाराम 1/3/4 प्रियंका उम्र लगभग 21 साल पुत्री स्व0 गंगाराम निवासीगण भौरा पूरव पोस्ट रामपुर देवरिया तप्पा हवेली परगना बस्ती पूरव तहसील व जिला–बस्ती 3/1 सुग्रीव उम्र लगभग 35 साल 3/2 बुद्धिराम उम्र लगभग 28 साल 3/3 झिनका उम्र लगभग 23 साल पुत्रगण घुरहू 6/6 श्रीमती ऊषा व्यस्क पत्नी श्री विजय कुमार चौधरी निवासिनी ग्राम व तप्पा पड़िया पो0 पुर्सिया परगना बस्ती पूरव तहसील व जिला–बस्ती 6/7 प्रभा उम्र लगभग 25 साल 7/1 शिवसागर उम्र लगभग 43 साल 7/2 संतोष उम्र लगभग 41 साल पुत्रगण शीतबसंत निवासीगण भौरा तप्पा हवेली परगना बस्ती पूरव तहसील व जिला–बस्ती 7/3 उर्मिला देवी उम्र लगभग 43 साल पत्नी हरीराम निवासिनी ग्राम भउरापार पो0 पाली जिला–गोरखपुर 7/5 रीता उम्र लगभग 39 साल पत्नी बब्लू निवासिनी ग्राम कुल्हिया तप्पा हवेली परगना बस्ती पूरव तहसील व जिला–बस्ती हाल मुकाम भौरा तप्पा हवेली परगना बस्ती पूरव तहसील व जिला–बस्ती 8/1 श्रीमती सुरसती उम्र लगभग 74 साल पत्नी स्व0 श्री बडकू 8/2 जग्गी उम्र लगभग 54 साल 8/3 जगनेवास उम्र लगभग 49 साल 8/4 चिंता उम्र लगभग 44 साल पुत्रगण स्व0 बडकू निवासीगण भौरा पूरव पोस्ट रामपुर देवरिया तप्पा हवेली परगना बस्ती पूरव तहसील व जिला–बस्ती 9/1 रामस्वरूप उम्र 28 वर्ष पुत्र पारसनाथ निवासी भौरा तप्पा हवेली परगना बस्ती पूरव तहसील व जिला–बस्ती

**तारीख पेशी 28–05–2025**

अपील बनराजी अदालत मुकाम मयरिखा महीना सन् 20 ई0 रेस्पान्डेन्ट

इत्तिला दी जाती है कि अपील बनराजी डिगरी इस मुकदमें में मुसम्मी ने पेश इस अदालत में दर्ज रजिस्टर हुआ और इस अदालत व तारीख 28 महीना 05 सन 2025 ई0 वास्ते जमानत तथा अपील मुकर्रर का है।

अगर खुद या आपके वकील या और शख्स जो कानूनन आपकी तरफ से अपील हाजा में जबाब सवाल करने वाजिद हो हाजिर न आयेगा तो उसकी समायत और तजबीज आपकी गैर हाजिरी में एकतरफा हो जायेगी। आज बतारीख माह सन 20 ई. मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के हवाले किया गया।

द0 हाकिम

# खेत में बने कमरे का ताला तोड़कर हजारों का सामान चोरी

**संवाददाता–गोरखपुर।** सिकरीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत झौंवा खुर्द सिवान में खेत में बने कमरे में रखा सामान चोर ताला तोड़कर उड़ा ले गए। जानकारी के अनुसार झौंवा खुर्द निवासी राम प्रसाद यादव उर्फ रामा यादव पुत्र महावीर यादव का सिवान के खेत में बने कमरे में बोरिंग, मशीन, सेक्शन तथा अन्य सामान पड़ा हुआ था। रविवार की रात चोरों ने कमरे का ताला तोड़ कर हजारों के सामान उठा ले गए। सोमवार को सुबह रामा यादव खेत पर गया तो वहां ताला टूटा देखकर कमरे के अंदर गया तो वहां से पट्टा, पुली, कुदाल, सेक्शन पाइप, बड़ी पंखी सहित सामान खोल कर चोर उठा ले गए।

**दैनिक भारतीय बस्ती**

**संस्थापक सम्पादक स्व. दिनेश चन्द्र पाण्डेय**

**स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक प्रदीप चन्द्र पाण्डेय द्वारा दर्पण प्रिन्टिंग प्रेस वि0. नया हाल 1–4 A लोहिया काम्पलेक्स जिला पंचायत भवन गांधीनगर बस्ती (उ.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।**

प्रबन्ध सम्पादक–**दिनेश सिंह**

संयुक्त सम्पादक–**प्रदीप चन्द्र पाण्डेय**

**अयोध्या–फैजाबाद कार्यालय–** चतुर्भुजी मंदिर परिसर लक्ष्मण घाट अयोध्या–फैजाबाद

**लखनऊ कार्यालय–** आशियाना चौराहा, एल.डी.ए. कालोनी, सेक्टर एच. कानपुर रोड लखनऊ।

**गोरखपुर कार्यालय–** इलाहीबाग गोरखपुर।

मो09450567450 9336715406,

ई.मेल**bhartiyabasti@yahoo.com**

**bhartiyabasti@gmail.com**